दैनिक
# क्यूं न लिखूं सच
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999/- में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 130 मुरादाबाद, 30 August 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### जनता से बोले वरुण गांधी: ऐसा न हो कि कोई जय श्रीराम बोले और आप उसे वोट दे दें; गांधी परिवार पर कही ये बात

भाजपा सांसद वरुण गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए कि कोई आया। उसने भारत माता की जय बोल दिया... जय श्रीराम बोल दिया और आप उसे वोट डाल दे



दें। उसके बाद आपके वोट की गिनती सिर्फ एक संख्या बनकर रह जाएगी।भाजपा सांसद वरुण गांधी अपने बगावती तेवरों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। वो अक्सर पार्टी लाइन से अलग हटकर बयान देते हैं। सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र पीलीभीत पहुंचे वरुण गांधी ने फिर ऐसा बयान दिया है, जिससे सियासी पारा चढ़ सकता है। उन्होंने जनता को नसीहत देते कहा कि भेड़ चाल में शामिल होकर वोट न दें। ऐसा न हो कि कोई आए, भारत की जय बोले, जय श्रीराम बोले और आप उसे वोट दे दें।भाजपा सांसद वरुण गांधी सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर पीलीभीत पहुंचे। उन्होंने ग्राम पीराताल, मोहम्मदगंज, सैजना, गोयल कॉलोनी, महुआ, जमुनिया, इग्घरा आदि ग्रामों में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जब भी मैं विदेश जाता हूं तो वहां के लोग मुझसे पूछते हैं कि पीलीभीत कैसा है। मुझे लगता है कि हमारी पहचान पीलीभीत से हैं और पीलीभीत की पहचान हमसे। यह बहुत पवित्र संगम है।सांसद ने जनता को दी नसीहत -वरुण गांधी ने आगे कहा कि मैं जब भी यहां आता हूं। बंगाली समाज से मिलता हूं। उनसे निवेदन करता हूं कि आप किसी को भी वोट दें, लेकिन भेड़ चाल में शामिल होकर किसी को वोट न दें। अपना दिमाग लगाएं। ऐसा नहीं होना चाहिए कि कोई आया और उसने भारत माता की जय बोल दिया... जय श्रीराम बोल दिया। आप उसे वोट डाल दे दें। उसके बाद आपके वोट की गिनती सिर्फ एक संख्या बनकर रह जाएगी। भाजपा सांसद ने गांधी परिवार की तारीफ करते हुए नेताओं पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार उस किस्म का नहीं है, जो आपसे मीठी-मीठी बातें करके आपका वोट चोरी कर ले। उन्होंने कहा कि वो भले कड़वी बात बोलें, लेकिन बोलेंगे हमेशा सच। उन्होंने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जो केवल झूठा ड्रामा करके आपका वोट लेकर चले जाएं। भाजपा सांसद के इस बयान से एक बार फिर से कई कयास लगाए जाने शुरू हो गए

## योगी बोले, मुख्यमंत्री के लिए नोएडा मनहूस, ये अफवाह अफसरशाही की देन




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को फिक्की की बैठक को संबोधित किया और प्रदेश की तरक्की में योगदान करने की अपील की। उन्होंने मुख्यमंत्रियों के नोएडा न जाने के मिथक को तोड़ने की भी चर्चा की। देश के प्रमुख औद्योगिक संगठन फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नोएडा को मुख्यमंत्री के लिए मनहूस शहर का तमगा अफसरशाही की देन है क्योंकि उन्होंने इस शहर को लूट का अड्डा बना रखा था। यहां कोई मुख्यमंत्री ना आए इसलिए नोएडा को मनहूस बताकर दूर रखा जाता था। इस मिथक को उन्होंने यह कहते हुए तोड़ दिया कि कुर्सी पर जिंदगी भर के लिए बैठने नहीं आया हूं। अगर नोएडा जाने मात्र से मुख्यमंत्री की कुर्सी कल जाती हो तो आज चली जाए लेकिन वह नोएडा जाकर रहेंगे। नतीजा सामने हैं हर रोज मरता हुआ शहर आज जीवंत हो उठा है। प्रदेश में 38 साल बाद फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वह पहली बार मुख्यमंत्री बने थे तब भी किसी औद्योगिक संगठन के कार्यक्रम के रूप में फिक्की की ही बैठक में गए थे। पहली बार मुख्यमंत्री बनने के नाते वहां उद्यमियों से क्या कहना है इसे लेकर उन्होंने तत्कालीन मुख्य सचिव और आईडीसी से पूछा तो जवाब मिला कि केवल आश्वासन दे दीजिए जैसा पिछले मुख्यमंत्री करते आए हैं बस... इस पर योगी ने कहा कि वह यहां केवल आश्वासन देने नहीं आए हैं बल्कि जो कहेंगे वह करके दिखाएंगे। लगातार तालियों से गूंजते सभागार के बीच उन्होंने कहा कि बिजनौर और आगरा को लेकर भी तमाम तरह की धारणाएं फैलाई गई थीं। आगरा के सर्किट हाउस में भूत घूमते हैं यह कहकर रात में मुख्यमंत्री को टिकने नहीं दिया जाता था। योगी ने कहा कि उन्होंने जिद पकड़ ली कि वह आगरा के सर्किट हाउस में ही ठहरेंगे और भूतों के साथ संवाद करेंगे। वह वहां रात में रुके और और इस मिथक को भी तोड़ा। योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले न केवल औद्योगिक जगत के लोगों बल्कि यहां के युवाओं के सामने भी पहचान का संकट खड़ा हो गया था। रोजगार के अवसर नहीं थे। नई इंडस्ट्री तो छोड़िए पुरानी इंडस्ट्री भी यहां से जाने की तैयारी कर रही थी। माफियाओं का कब्जा था। आज ना तो किसी उद्यमी के पास फिरौती के लिए किसी में फोन करने का दम है और न ही कोई किसी भी फैक्ट्री को बंद करने की धमकी दे सकता है। यही जीरो टॉलरेंस नीति है जिसके दम पर आज उत्तर प्रदेश तेजी से विकसित राज्य बनने की तरफ अपने कदम बढ़ा रहा है।

## अखिलेश से मिलने पहुंचे स्वामी प्रसाद के बयानों से नाराज महंत, कहा-उन्हें पार्टी से निकालें या माफी मंगवाएं

सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों से आहत महंत परमहंस उनकी शिकायत करने के लिए लखनऊ में अखिलेश यादव से मिलने के लिए उनके घर पहुंचे। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद को पार्टी से निकाला जाए या फिर उनसे माफी मंगवाई जाए। अयोध्या के तपस्वी छावनी के महंत परमहंस दास सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों से नाराज होकर पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलने के लिए लखनऊ उनके घर पहुंचे। हालांकि घर के बाहर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक लिया जिस पर उन्होंने अखिलेश यादव तक अपना संदेश भेज दिया। मीडिया से बातचीत में महंत परमहंस ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य हिंदू धर्म को लेकर लगातार विवादित बयान दे रहे हैं। इससे हिंदुओं का बड़ा वर्ग आहत है।



सभी धर्मों के मानने वाले लोग सपा का समर्थन करते हैं। ऐसे में धर्म को लेकर बयानबाजी करने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य को पार्टी से निकाला जाए या फिर उनसे माफी मंगवाई जाए।

उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद की बयानबाजी से सपा को ही नुकसान होगा। स्वामी अपनी पार्टी बनाने में लगे हुए हैं। वो खुद भी सपा को छोड़ने वाले हैं। हमारी अखिलेश यादव से मांग है कि उन्हें पार्टी से निकाल दिया जाए वो लगातार सनातन धर्म को लेकर बयानबाजी करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वह स्वामी प्रसाद पर कानून कार्रवाई को लेकर जल्द ही प्रार्थना पत्र देंगे। धार्मिक मुद्दों पर बयानबाजी को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाले सपा एमएलसी स्वामी प्रसाद ने अपने बयान में कहा कि हिंदू धर्म सिर्फ एक धोखा है। उन्होंने ब्राह्मण समाज के साथ ही हिंदू धर्म को लेकर विवादित बयान देकर सियासी गलियारों में बहस का नया मुद्दा खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि हिंदू नाम का कोई धर्म है ही नहीं, हिंदू धर्म सिर्फ धोखा है। लखनऊ में आयोजित रामस्वरूप वर्मा जन्म शताब्दी समारोह ने उन्होंने कहा कि ब्राह्मणवाद की जड़ें बहुत गहरी है और सारी विषमता का कारण भी ब्राह्मणवाद ही है। सही मायने में जो ब्राह्मण धर्म है, उसी ब्राह्मण धर्म को हिंदू धर्म कहकर के इस देश के दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों को अपने धर्म के मकड़जाल में फंसाने की एक साजिश है। स्वामी प्रसाद ने कहा कि अगर हिंदू धर्म होता तो आदिवासियों का भी सम्मान होता है, दलितों का भी सम्मान होता, पिछड़ों का भी सम्मान होता लेकिन क्या विडंबना है कि दलितों का आज अपमान हो रहा है।

## हापुड़ में पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच हाथापाई, लाठीचार्ज कर खुलवाया जाम

यूपी के हापुड़ जिले में पुलिस ने अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज कर दिया। विरोध कर रहे अधिवक्ताओं से कोतवाली पुलिस की जमकर नोकझोंक और खींचातानी हुई। पुलिस ने अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज कर जाम खुलवाया। हापुड़ में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने महिला अधिवक्ता एवं उसके पिता के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को भी न्यायिक कार्य नहीं किया और तहसील चौपला पर जाम लगा दिया। अधिवक्ता मुकदमा वापस लिए जाने की मांग कर रहे थे। कोतवाली पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच जमकर नोकझोंक और खींचातानी हुई। पुलिस ने अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज कर जाम खुलवाया। तीन दिन पहले महिला अधिवक्ता और सिपाही के बीच विवाद हुआ था। जिसमें पुलिस ने महिला अधिवक्ता और उसके पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसके विरोध में मंगलवार को अधिवक्ता पुलिस के खिलाफ लामबंद हो गए। अधिवक्ताओं ने मंगलवार को भी न्यायिक कार्य नहीं किया और तहसील चौपला पर जाम लगा दिया। यहां जोरदार नारेबाजी की। इस वजह से जाम लग गया। जाम की वजह से वाहनों की लंबी कतार कर लग गई थी। उधर, जाम लगने की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंचे और अधिवक्ताओं से वार्ता कर जाम खुलवाने का प्रयास किया। लेकिन बात बिगड़ गई, पुलिस और अधिवक्ताओं में जमकर खींचातानी और हाथापाई हुई। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर जाम खुलवा दिया। इस दौरान तहसील चौपला और फ्रीगंज रोड पर भगदड़ मच गई। लाठी चार्ज किए जाने का अधिवक्ताओं ने जोरदार विरोध किया। लाठी चार्ज में कई अधिवक्ता घायल हो गए। अधिवक्ताओं का कचहरी व तहसील चौक के आसपास हंगामा जारी था।



## घोसी विधानसभा में गरजे अखिलेश यादव, कहा- I.N.D.I. गठबंधन से घबराई हुई है भाजपा



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को घोसी विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। अखिलेश यादव ने घोसी विधानसभ के सभी मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि लोकतंत्र में अपने वोट का भरोसा तोड़ने वालों को घोसी विधानसभा की जनता सबक सिखाएगी। सपा प्रमुख ने पीएम मोदी और सीएम योगी पर निशाना साधा। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को घोसी विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

अखिलेश यादव ने घोसी विधानसभ के सभी मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि लोकतंत्र में अपने वोट का भरोसा तोड़ने वालों को घोसी विधानसभा की जनता सबक सिखाएगी। पीएम मोदी और सीएम योगी पर साधा निशाना - घोसी उपचुनाव में प्रचार के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पीएम मोदी और सीएम योगी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, इनसे ज्यादा झूठ बोलने वाली कोई पार्टी नहीं है, जो लोग लाल किले से झूठ बोलते हों, लखनऊ से झूठ बोलते हों...।"

**I.N.D.I.A गठबंधन से घबराई हुई है भाजपा: अखिलेश** अखिलेश यादव ने कहा, जबसे समाजवादी और देश के दल एक हो गए, जबसे I.N.D.I.A गठबंधन बना है, लोग घबराए हुए हैं कि इंडिया गठबंधन कैसे बन गया।

**लोकतंत्र में वोटों का विश्वास तोड़ने वालों को घोसी की जनता सिखाएगी सबक- अखिलेश** यादव ने दारा सिंह चौहान का नाम लिए बिना उनपर निशाना साधा, कहा, घोसी विधानसभा के मतदाताओं ने मन बना लिया है। जिन लोगों ने पलायन किया है और लोकतंत्र में वोटों का विश्वास तोड़ा है, इस बार घोसी की जनता उन्हें सबक सिखाने जा रही है। अखिलेश ने कहा, तमाम मंत्री आ रहे हैं धोखा देने, अपनी उपलब्धियां नहीं बता रहे हैं। किसान जो अपनी पैदावार की चिंता में डूबा है इस फसल की कीमत कैसे मिले? मंत्री जो घूम रहे हैं सरकार के, किसी को ये नहीं बता पाए कि डीजल सस्ता मिलना चाहिए किसान को। सपा मुखिया ने जनसभा को संबोधित करते हुए आगे कहा, हिसाब किताब तो बीजेपी को दिल्ली की 10 साल की सरकार और उत्तर प्रदेश की 6 साल की सरकार का देना है। बताओ घोसी की जनता इन सालों में आपको कोई सुविधा दे पाई बीजेपी? अगर बीजेपी ने सुविधाएं दी होती तो आज इतने मंत्रियों की फौज नहीं उतारती पड़ती यहां पर।

## बसपा से निकाले गए इमरान मसूद; कांग्रेस में जाने की अटकलें, बोले- लोगों से सलाह लेकर फैसला करूंगा

कद्दावर नेता इमरान मसूद को बसपा से निष्कासित कर दिया गया है। मायावती के निर्देश पर जिला अध्यक्ष ने जारी किया निष्कासन पत्र जारी किया है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जमकर तारीफ कर उन्हें राजनीति में देश का हीरो बताया था।पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से कद्दावर नेता के रूप में पहचाने जाने वाले और पूर्व विधायक इमरान मसूद द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी तारीफ करने और कांग्रेस से नजदीकी बढ़ाने पर बसपा ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया है। बसपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देश पर बसपा जिला अध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद ने प्रेस नोट जारी कर इमरान मसूद को पार्टी से निष्कासन की जानकारी दी है।जिला अध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद में बताया कि इमरान मसूद को पार्टी में अनुशासनहीनता अपनाने और पार्टी विरोधी गतिविधि में लिप्त होने के कारण पार्टी से निष्कासन किया गया है। पार्टी हाई कमान से के



निर्देश पर यह निष्कासन हुआ है।

### राहुल गांधी की तारीफ करने पर हुई कार्रवाई

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जमकर तारीफ कर उन्हें राजनीति में देश का हीरो बताया है। इससे कयास लगाए रहे हैं कि वह फिर कांग्रेस का हाथ थाम सकते हैं। हालांकि, उनका कहना था कि उन्हें बहनजी ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयारी करने के निर्देश दे रखे हैं, फिर भी चाहे जो हो जाए मुझे लोकसभा चुनाव तो हर हाल में लड़ना है। उनका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने से सियासी गलयारों में उनका फिर से पाला बदलने की चर्चा तेज हो गईं हैं। दरअसल, इमरान मसूद ने एक निजी चैनल से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की खूब तारीफ की। इमरान मसूद बोले कि, राहुल गांधी देश के हीरो हैं, वह देश और अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के बारे में सोचते हैं। राहुल गांधी बेखौफ होकर जनता के हित की बात करते हैं। सत्ता परिवर्तन जरूरी है, वर्तमान सरकार से संविधान को खतरा है। एक राहुल गांधी ही हैं, जो हर वर्ग और गरीब के हितैषी हैं। वर्तमान में अन्य पार्टियों के नेता वर्तमान सरकार की गलत नीतियों पर नहीं बोल रहे हैं। सिर्फ राहुल गांधी ही एक ऐसे नेता है, जो गलत नीतियों का विरोध कर रहे हैं। अब बसपा से निष्कासित किए जाने के बाद से इमरान मसूद ने अभी चुप्पी साध रखी है। उनका कहना है कि वह जल्दी अपना पक्ष बताएंगे। लोगों से सलाह लेने के बाद ही कोई फैसला लूंगा।

## संपादकीय Editorial

### Yeh world champion ladle

Haryana's boy Neeraj Chopra has now become world champion. He has won the Gold Medal in the World Championship of Javelin Throw and has fulfilled his ultimate dream. Neeraj's javelin arm has come to be known as 'Golden', as he is now an Olympic champion as well as a world champion. The international crown of 'Diamond League' is also decorated on his forehead. The 25-year-old Indian has proved that he is the best javelin thrower of all time. Asian Games, Commonwealth Games, Under-20 World Championship gold medals are also shining in Neeraj's bag. Definitely mother Bharati is proud of her beloved, he is the pride of the country, a symbol of our pride, pride and glory. In the global competition, Neeraj threw the javelin 88.17 meters in his second attempt and decided that the sky of the game has been registered in his name. Then he closed his eyes and started clapping. Then the whole stadium erupted in applause. However, the fans of India and Neeraj's sports are still waiting that when his javelin will cross 90 meters? This goal is also not very far away. Neeraj Chopra is the only Indian sportsperson who has achieved the distinction of becoming Olympic and World Champion in athletics. Although PV Sindhu has become the world champion of badminton, but she has not been an Olympic champion. In boxing, Nikhat Zareen has become world champion twice in a row in her weight category. Still world champion. The last Panghal in wrestling has also won two consecutive world titles in his weight category.

Even now you are world conquerors. Today, the mention of 18-year-old Praggnanandha of chess is also very important, because he reached the final in the FIDE World Cup, defeating the world's champion players. There he was defeated by world champion and number one player Magnus Carlsen in a tiebreaker. He is the world runner-up. That means future world champion. Five-time world champion of chess Vishwanathan Anand's game of this new plant, even the old veteran champion players are giddy and surprised. This plant also includes the names of grandmasters like Gukesh and Arjun. We are also surprised and shocked that how these players have learned and mastered the complex game of chess at a very young age, even attained the status of Grandmaster and qualified to play in the World Cup! All these champion players belong to sports which are not very popular. Unlike cricket, the common man is not crazy and obsessed with these games. There is not much money in these sports and there are very few sponsors. Actually these players are born talents. They have been carved. The power of assimilation in them is amazing. Intellectual strength and ability are also strong. Of course, Indian and state governments help them a lot financially and otherwise, but these players live abroad for long periods of time and keep sharpening their game. These players also understand their responsibility, as a result of which they are the world champions today. Neeraj Chopra has given such prestige and passion to the sport of 'javelin throw', as a result of which his new generation in the form of Kishore Jena and DP Manu, the legacy is taking shape Is. Jena and Manu threw the javelin at a distance of 84 meters in the World Championship and finished fifth and sixth respectively. Actually the face of sports and players is changing in the country, so better performance can be expected in Paris Olympics, 2024. In badminton, Pranay and Lakshya have emerged players who have won global titles by defeating world number one, two and other top players. Still waiting to see him become world champion though. Athletes from several sports have won their spots for the Olympics. They can become world or Olympic champions. However, along with salute and support, these darlings of the game also have the affection.

# Modi's call from the ramparts of the Red Fort to fight against corruption and dynasty is nothing more than political pettiness...



Rakesh Pratap Singh Parihar
"(Kalamkar, National Working President All India Journalist Protection Committee)

We got freedom on 15 August 1947, we got this freedom after lakhs of sacrifices. This sacrifice was not given by any one religion, caste or color, but by all the religions, castes and colors living in India... But even after 76 years of this independence, the question is that our martyrs have done the same corruption, divided into different religions. Had seen the dream of a society divided into castes and enjoying power in connivance with the dynasts. In such a situation, the satires of famous satirist Harish Shankar Parsai ji fit perfectly on the current situation. In the last years, by toppling 9 elected governments, the ruling government at the center has formed its own government in different states of the country... He said :- "Today's market price" should be written on the board outside the Vidhansabha daily, along with those MLAs The list of items which are ready to be sold should also be affixed. This will facilitate the buyer as well as the goods." At present, the people of the country have given historic majority to the ruling government at the Center not once or twice and there were many expectations from Prime Minister Narendra Damodar Modi. He will play an important role in uniting the Indian society divided on caste and religion and in the development of the country, but the same thing proved to be a three-layered thing. Narendra Modi's slogan on corruption, dynasty and caste and religion has so far proved to be insipid * The color of corruption has now changed from black to saffron .. They used to say that there is so much black money outside the country that 1500000 lakh rupees will come in every Indian's account, government employees who pay their taxes honestly if they get 5% to 10% then what is wrong with this... The current Home Minister Amit Shah objected to the statement by saying that it was an election gimmick. The fight against corruption which Narendra Damodar Modi used to talk about or does, is no longer sticking in the hearts and minds of the people. Modi has always been doing politics of surprises which is visible in his fight against corruption. "Narendra Modi said in a speech:- Corruption has completely snatched all the systems of the country, like the mind, freedom from corruption, war against corruption in every unit, in every sector, my countrymen, my dear family members. It is the commitment of Modi's life, it is the personality of my life that I will continue to fight against corruption.But first let's talk about the corruption prevalent in the governments of his own party Bharatiya Janata Party. Shivraj Singh Chouhan BJP lost the 2018 elections in Madhya Pradesh due to corruption... Even after that, even after toppling the Congress government in 2019, Modi again made Shivraj Singh Chouhan the Chief Minister. Himanta Bishwa Sharma When Himanta Vishwa Sharma was a minister in the Congress government, the BJP accused him of scams, he is the Chief Minister of Assam today. Yadurappa was made the Chief Minister after the Congress and Janata Dal government felled on the allegations of corruption on Yadurappa .. Apart from this, Shubendu Adhikari Sharda scam, Narayan Rane land scam, PS Bommai, Chhagan Bhujbal, Raghuvardas, Hasan Mushrik, the limit was reached then Until 2 days before Ajit Pawar was made the Deputy Chief Minister, Prime Minister Modi called NCP a natural corrupt party and accused Ajit Pawar of being involved in 70,000 thousand scams, the same Ajit Pawar was made Deputy Chief Minister in Maharashtra BJP government and all those departments Ajit Pawar was given to the group, in which departments Modi was accusing of corruption. In such a situation, when Modi says on corruption, fighting against corruption is Modi's personality; Dynasty:- My dynasty than your dynasty Good familyism or dynasty politics is probably opposite to the spirit of democracy. Recently, during the 42nd Foundation Day celebrations of BJP, Prime Minister Modi said that there are still two types of politics going on in this country. One is the politics of family loyalty (dynasties) and the other is dedicated to nationalism (like the BJP). While 'Congress Mukt Bharat' and 'Corruption Mukt Bharat' were the two main slogans of the BJP in the last 2 Lok Sabha elections, the narrative for the 2024 election campaign will probably be 'Dynastic Mukt Bharat'. In such a situation, when the Prime Minister says that dynasty is a curse for the progress of the country and he refers to the opposition parties, in such a situation, Teen Gunglia points to the dynasty prevalent in his own party and the parties involved in the alliance of NDA. On August 15, when PM Modi hoisted the tricolor for the 10th time at the Red Fort, this time he called the countrymen as "family members". Said- a disease has come in democracy, it is a family party. The basic mantra of parivarvad is – of the family, by the family and for the family. The Prime Minister mentioned dynasticism 12 times in his 90-minute address. From this you can understand how serious and aggressive Prime Minister Modi is going to be about familyism this time in the general elections. So the questions arise whether the BJP will deny tickets to 11 MPs doing family politics in this general election? Will the family equation be taken into account in ticket distribution? BJP has 32 big faces in family politics in UP Out of these, 11 are MPs, 7 are ministers and 14 are MLAs. The foundation of the three parties with which the BJP has an alliance in Uttar Pradesh is also based on family politics. The names of these three constituent parties of BJP are Apna Dal S, Nishad Party and Subhaspa. And this is not about Uttar Pradesh alone, the mention of Uttar Pradesh is necessary because the key to the power of the Center passes through Uttar Pradesh only. In such a situation, talking about dynasty of Narendra Modi shows political meanness. Caste and religion based politics When Modi quotes in his speeches that I am from a backward caste and talks about identifying a community on the basis of their clothes, he is directly promoting caste and religious division even after being the head of the country. Let's give In such a situation, when he talks about fighting corruption and an India free from dynasty from the ramparts of the Red Fort, then his statement seems to be nothing more than political stupidity. While paying homage to Harishankar Parsai's death anniversary on 10th August 2023, his satire quotes the character of power in the present circumstances. "The most futile movement is the movement against corruption. It is a kind of entertainment which political parties sometimes play like a kabaddi match." "It is the tragedy and the comedy of our democracy that many people who should have lived in unborn prisons sit in the assembly or parliament for life" When it seems, the place of logic is taken by hooliganism or hooliganism" "Language is used for expression in the world. Is "

# World champion neeraj chopra

By winning the gold medal in the 'Javelin Throw' event of the World Athletics Championship, India's player Neeraj Chopra has once again proved that he is such a Kohinoor diamond of the soil of this country, whose brightness has illuminated the whole world.World Athletics Championship By winning the gold medal in 'Javelin throw' competition, Indian player Neeraj Chopra has once again proved that he is such a Kohinoor diamond from the soil of this country, whose brightness has illuminated the whole world. Taking the title of world champion, Neeraj Chopra has proved that if India's youth power wants, it can convince the whole world of its talent in every field. He set a record by throwing the javelin at a distance of 88.17 meters and proved that this country can do wonders if Indians themselves look at sports born in the soil of India with respect. If the truth is asked, Neeraj Chopra has become the 'superhero' of sports of Indian origin. Before him, this status has been achieved only by wrestling wrestler Ghulam Muhammad Baksh alias 'Gama' or by Major Dhyan Chand, a hockey player involved in the Olympic Games, but Neeraj Chopra's contribution is great because the game of cricket in India It took commercial efforts to popularize the sport and added artificial glamor to it, in contrast to a sport such as javelin throwing that was considered a native and village sport in India. By dedicating his life to this game, he worked to give a new direction to the new generations of India and gave a message that if Indians want, they can also take the competitions called rural sports to the world stage. In this competition, in 2022, Neeraj Chopra Being in second place, he could only win the silver medal, but he had decided that he had to reach the gold medal. Adil Saheb has also played a major role in inspiring them, which tells that the effect of India has never been of Hindu-Muslim discrimination. The pride of India lies in the pride of its every Hindu-Muslim citizen. Neeraj Chopra of a simple farmer's family, playing in the soil of Haryana, with his dedication, dedication and hard work has successfully completed the journey from the world junior title to here, it will certainly inspire crores of youths from lakhs of villages in India and athletics Will try to be proficient in various competitions. Along with this, in this World Athletics Competition going on in Budapest, the capital of Hungary, only four Indian runners have brought laurels to India by reaching the finals of 400 meters relay race. These four runners are Rajesh Ramesh, Muhammad Ajmal Variathodi, Amol Jacob and Muhammad Anas. With the introduction of these four players involved in the world relay race, the whole world should get an idea of the real strength of India. Due to this, the whole world should also realize the mixed culture of India that the unity of India is 'Hindu-Muslim-Sikh-Christian' unity. When a player participates in our sports on the basis of his ability, He is neither a Hindu nor a Muslim but an Indian or an Indian citizen. Our sports and players are also an example to show the strength of India's unity. So the existence of religion or religion is strictly a personal matter for us. Pakistan's player Arshad Nadeem was a little behind Neeraj Chopra last time as well and this time also this player was successful in winning the silver medal. Last year, some people had made sarcasm in reverse about the friendship between Neeraj and Nadeem. They probably did not know that games are organized at the world level to increase mutual harmony in which players respect each other's talent. There is no place for narrow-mindedness in sports. In the 400 meter relay race, all the four Indian Hindu, Muslim and Christian players fought with their lives to beat the American team so that India's glory remains high in any situation. It is the spirit of sportsmanship that binds the players together without any enmity. Neeraj Chopra is also the champion of the Olympic javelin throw competition, but according to him.

# मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अन्तर्गत कान्फ्रेन्स ऑफ सिटी लेवल एडवाईजरी फोरम की बैठक सम्पन्न



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - सर्किट हाउस सभागार में मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अन्तर्गत कान्फ्रेन्स ऑफ सिटी लेवल एडवाईजरी फोरम की बैठक आहूत की गयी, जिसमें नगर आयुक्त श्री संजय चैहान ने बताया कि मुरादाबाद स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत 37 परियोजनाओं में से 24 परियोजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अन्य 13 परियोजनाओं का कार्य भी 31 मार्च 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। नगर विधायक श्री रितेश गुप्ता ने स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत 13 अपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक प्राप्त करते हुए कहा कि निर्धारित अवधि से पूर्व शेष परियोजनाओं को पूर्ण कर लिया जाये। नगर आयुक्त ने आगामी 1 वर्ष में पूर्ण होने वाले कार्यो के संबंध में बताया कि मेटल हैण्डीक्राफ्ट सेन्टर का मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लि0 द्वारा इस परियोजना के अन्तर्गत मेटल हैण्डीक्राफ्ट सर्विस सेन्टर भवन परिसर में एक आधुनिक बहुमंजिला भवन का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त परियोजना के कुल लागत 42.22 करोड़ है। वर्तमान में यह कार्य निर्माणाधीन है तथा निर्धारित तिथि से पूर्व यह कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। आपरेशन कायाकल्प फॉर गवर्नमेण्ट स्कूल परियोजना के अन्तर्गत नगर के समस्त 48 बेसिक शिक्षा स्कूलों में फर्नीचर, स्वच्छ जल की आपूर्ति, शौचालयों का निर्माण/मरम्मत कार्य एवं पूर्व प्रचलित शिक्षा प्रणाली को डिजिटल मोड में परिवर्तित किए जाने हेतु आवश्यक उपकरण आदि कार्य किया जा रहा है। उक्त परियोजना की कुल लागत 85.28 करोड़ है। स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत कॉमन ब्रास फर्नेस फैसिलिटी सेन्टर लाकड़ी फाजलपुर स्थित भूमि पर भवन निर्माण किया जा रहा है। परियोजना की कुल लागत 24.10 करोड़ है वर्तमान में यह कार्य निर्माणाधीन है।

परियोजना के पूर्ण होने की संभावित तिथि माह जनवरी 2024 है। स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत रिहैबलिटेशन ऑफ स्ट्रॉम वाटर डैञ्जेज परियोजना की कुल लागत 49.91 करोड़ है। वर्तमान में यह कार्य निर्माणाधीन है, परियोजना के पूर्ण होने की संभावित तिथि माह जनवरी 2024 है। इसी प्रकार स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत सिटी ब्राण्डिंग, नेटवर्क स्टेञ्जथिनिंग कैपेसिटी इनहेन्समेन्ट एण्ड स्मार्ट मीटरिंग, स्काडा सिस्टम फॉर पावर सप्लाई, स्मार्ट मीटरिंग ऑफ वाटर प्लांट, मेटल हैण्डीक्राफ्ट सर्बिसे सेन्टर, स्मार्ट रोड नेटवर्क आदि परियोजनाएं निर्माणाधीन है, जिन्हें समयान्र्तगत पूर्ण कर लिया जायेगा। बैठक में नगर विधायक व महापौर ने कहा कि बुद्धबाजार में विद्युत आदि का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराए जाये तथा रामगंगा विहार की सड़कों को भी दुरस्त कर मोटरेविल बनाया जाये। स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत पेन्डिंग कार्यो को समय से पूर्ण कर लिया जाये। बैठक में नगर आयुक्त संजय चैहान, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, स्मार्ट सिटी नोडल अधिकारी एस0के0 सिंह, उद्यमी विनीत गुप्ता एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# 50 करोड़ से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजना अटल आवासीय विद्यालय ग्राम पीपली बिलारी के निर्माण में गठित तकनीकी प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न



क्यूँ न लिखूँ सच


मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर जनपद मुरादाबाद में 50 करोड़ से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजना अटल आवासीय विद्यालय ग्राम पीपली, बिलारी के निर्माण में गठित तकनीकी प्रकोष्ठ की बैठक आहूत हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायीं संस्था द्वारा निर्माण कार्य में धीमी प्रगति होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिए कि मजदूरों की संख्या को बढ़ाएं एवं निर्माण मेटेरियल बढ़ाकर निर्माण कार्य की प्रगति को बढ़ाए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि कार्यदायी संस्था के निर्माण कार्य की प्रगति को अगले 15 दिन तक गहनता से देखें,

अगर निर्माण कार्यो में संतोषजनक प्रगति न हो तो उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में एक्सईन पीडब्ल्यूडी सुनील सागर, ए0ई0 पीडब्ल्यूडी ए0के0 बंसल, ए0एल0सी0 सतीश कुमार, साइट इंजीनियर मोहित श्रीवास्तव सहित कार्यदायीं संस्था एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह से सर्वसाधारण को सूचित किया है कि भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के अध्यक्षता में आयोजित बैठक दिनांक 22.08.2023 को पूर्ण प्रदेश में लागू करने के संबंध में अवगत कराया गया था

कि प्रत्येक जनपद में शासन/निदेशालय द्वारा जनपद को आवंटित लक्ष्य 1500 विभिन्न 18 टेञ्डो का विवरण निम्न प्रकार है- लोहार, नाव बनाने वाला, हैलमेट/औजार बनाने वाला, ताला बनाने वाला, मूर्तिकार, सुनार, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री, झाडू बनाने वाला, खिलौना/गुडिया बनाने वाला, माला बनाने वाला, धोबी, दर्जी, जाल बनाने वाला, हथौडा बनाने वाला, नाई, बढ़ई आदि टेञ्डों में योजना के पात्र अभ्यर्थी/इच्छुक लाभार्थी अपना पंजीकरण ऑनलाइन के माध्यम से जनसुविधा केन्द्रों के द्वारा कर सकते है। आवेदक की आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए। पंजीकरण की तिथि 25.08.2023 से प्रारम्भ है, पंजीकरण करने की बेवसाइट चउअपोंतउंण्हवअण्पद पर आवेदन कर सकते हैं। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लाभार्थियों का पंजीकरण, पंचायती राज्य विभाग/नगर विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, कौशल विकास विभाग, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रिानिक विभाग तथा जनपद के विकास खण्डों, तहसीलों एवं ग्राम सचिव एवं अन्य विभागों की सहायता से अभ्यर्थियों का सत्यापन कराते हुए त्रिस्तरीय जनपद स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से किया जायेगा। यह योजना मा0 प्रधानमंत्री जी भारत सरकार द्वारा स्वतन्त्रता दिवस पर लालकिले से घोषित की गई है योजना 17 सितम्बर 2023 से लागू की जा रही है। अतः सभी विभाग पूरी तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करेंगे, जिससे कि जनपद को आवंटित लक्ष्य ससमय पूर्ण किया जा सके।

# गोवा नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीतना सरिता रोमिल का लक्ष्य





मुरादाबाद- गोवा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता (नेशनल गेम्स) में स्वर्ण पदक जीतना मेरा लक्ष्य है। मुझे अब तक ऐसी प्रतियोगिताओं में दो गोल्ड मेडल मिल चुके हैं। लेकिन, अब तीसरा स्वर्ण पदक हासिल करना मेरा प्रण है। 25 अक्टूबर से 9 नवंबर के बीच गोवा में नेशनल गेम्स का आयोजन होना है। अब मैं इसी के लिए दिन-रात एक करूंगी। यह संकल्प है ऑल इंडिया रेलवे गेम्स के हैमर थ्रो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली सरिता रोमिल सिंह का। सोमवार को एक दैनिक पेपर से बातचीत में संगीता ने फौलादी इरादे जाहिर किए। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के परिचालन विभाग में सीनियर क्लर्क के रूप में कार्यरत कर्मचारी के प्रदर्शन पर रेलवे को गुमान है। क्योंकि रायबरेली में 23 से 25 अगस्त के मध्य आयोजित ऑल इंडिया रेलवे गेम्स में सरिता ने विभाग को फिर से रोमांचित कर दिया है। संगीता ने विभागीय खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अपनी झोली में किया है।

इंटरनेशनल कॉमनवेल्थ गेम्स में हैमर थ्रो का रिकॉर्ड बनाने वाली सरिता इस बात से अभिभूत हैं कि ऑल इंडिया रेलवे और ऑल इंडिया नेशनल गेम्स के दोनों रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम दर्ज हैं। बताया कि वर्ष 2017 में देश स्तरीय खेल में सबसे अधिक दूरी के थ्रो का रिकॉर्ड बनाया है। इस प्रतियोगिता में रेलवे की ओर से खेलते हुए मैंने 63.57 मीटर गोला फेकने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है, जबकि 2022 में पटियाला में आयोजित नेशनल गेम्स में 65.25 मीटर हैमर थ्रो का रिकॉर्ड बनाया था। यह रिकॉर्ड भी अभी टूटा नहीं है। 25 गोल्ड मेडल और विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में कुल 35 मेडल जीतने वाली सरिता कहतीं हैं कि इंटरनेशनल कॉमनवेल्थ गेम 2022 ने मेरा सबसे अधिक हौसला बढ़ाया। इसमें हमने स्वर्ण पदक हासिल किया। जबकि, 2018 में जकार्ता में आयोजित एशियन गेम्स में मुझे पांचवा स्थान मिला था। उधर, 2017 में एशियाई चैंपियनशिप में छठवें नंबर से संतोष करना पड़ा।मंडलीय क्रीड़ा सचिव रायबरेली माडर्न कोच फैक्ट्री में 88वें आल इंडिया रेलवे गेम्स में 47 प्रतियोगिताएं हुईं। मुरादाबाद मंडल की ओर से सरिता रोमिल सिंह ने 59.47 मीटर थ्रो का रिकार्ड बनाया है। दूसरे नंबर पर रेखा और तीसरे नंबर पर कुलबिंदु कौर रही हैं। पुरुष वर्ग में उत्तर रेलवे की टीम उप विजेता रही है। सरिता के इस प्रदर्शन पर मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की है। -**राजेंद्र शर्मा, मंडलीय क्रीड़ा सचिव**

# वाराणसी यार्ड पुनर्निर्माण के चलते महामना अर्चना समेत 24 एक्सप्रेस ट्रेनें रहेंगी निरस्त

मुरादाबाद- वाराणसी जंक्शन के कैंट रेलवे स्टेशन पर यार्ड रि-मॉडलिंग (पुनर्निर्माण) के लिए 1 सितंबर से 15 अक्टूबर तक नॉन- इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। जिस वजह से मुरादाबाद मंडल की रेलगाड़ियों का आवागमन भी प्रभावित रहेगा। गाड़ी संख्या 14017( सद्भावना एक्सप्रेस) समेत सात एक्सप्रेस ट्रेनों को बदले हुए मार्ग से चलाया जाएगा, जबकि महामना एक्सप्रेस समेत 24 ट्रेनें विभिन्न तिथियों में निरस्त रहेंगी। यह हैं परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें = गाड़ी संख्या 14017 रक्सौल-आनंद विहार टर्मिनल सद्भावना एक्सप्रेस अयोध्या छावनी के रास्ते अपने परिवर्तित मार्ग वाया अतरौली रोड-जौनपुर जंक्शन शाहगंज 31 अगस्त,7,14,21,28 सितंबर और 5,12 अक्टूबर,गाड़ी संख्या 14018 रक्सौल आंनद विहार टर्मिनल सद्भावना एक्सप्रेस अयोध्या छावनी के रास्ते वाया अतरौली रोड जौनपुर जंक्शन शाहगंज 6,13,20,27 सितंबर और 4,11 अक्टूबर, गाड़ी संख्या 14007 रक्सौल आनंद विहार टर्मिनल सद्भावना एक्सप्रेस सीतामढ़ी के रास्ते वाया अतरौली रोड जौनपुर जंक्शन जफराबाद जंक्शन सुल्तानपुर 1,6,8,13,15,20,22,27,29 सितंबर 4,6,11,13 अक्टूबर, गाड़ी संख्या 14008 आनंद विहार टर्मिनल रक्सौल सदभावना एक्सप्रेस सीतामढ़ी के रास्ते वाया अतरौली रोड जौनपुर जंक्शन जफराबाद जंक्शन सुल्तानपुर जंक्शन 31 अगस्त 5, 7, 12, 14, 19, 21, 26, 28 सितंबर 3, 5, 10, 12 अक्टूबर,गाड़ी संख्या 14015 रक्सौल आंनद विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस सुगौली के रास्ते वाया अतरौली रोड जौनपुर जक्शन जफराबाद जंक्शन, सुल्तानपुर जक्शन 3, 5, 10,12, 17,19, 24, 26 सितंबर1, 3, 8,10 अक्टूबर, गाड़ी संख्या 14016 आनंद विहार टर्मिनल रक्सौली सद्भावना एक्सप्रेस वाया सगौली वाया अतरौली रोड जौनपुर जंक्शन,जफराबाद, सुल्तानपुर 1, 3, 8, 10, 15, 17, 22, 24, 29 सितंबर,1,6,8,13 अक्टूबर गाड़ी संख्या 13005 हावड़ा अमृतसर मेल पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन वाराणसी जंक्शन सुल्तानपुर जंक्शन लखनऊ 31 अगस्त को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। गाड़ी संख्या 12369 हावड़ा देहरादून कुंभ एक्सप्रेस वाया किऊल जंक्शन बरौनी, हाजीपुर, छपरा जंक्शन गोरखपुर जंक्शन बाराबंकी जंक्शन लखनऊ 20, 21, 23, 24, 25, 27, 28, 30 सितंबर 1, 2, 4,5,7,8,9,11,12,14 अक्टूबर,गाड़ी संख्या 12370 देहरादून हावड़ा कुंभ एक्सप्रेस वाया लखनऊ-बाराबंकी जंक्शन गोरखपुर जक्शन छपरा जंक्शन हाजीपुर-बरौनी जंक्शन, किऊल जंक्शन 19, 21, 22, 24, 25, 26, 28, 29 सितंबर1, 2, 3, 5, 6, 8, 9, 10,12,13 अक्टूबर, गाड़ी संख्या 13005 हावड़ा जक्शन अमृतसर वाया किऊल जंक्शन-बरौनी जंक्शन,हाजीपुर जं.छपरा गोरखपुर-बाराबंकी-लखनऊ 19 सितंबर से 14 अक्टूबर तक,गाड़ी संख्या 13006 वाया लखनऊ-बाराबंकी- गोरखपुर- छपरा-हाजीपुर- बरौनी- किऊल जंक्शन 19 सितंबर से 14 अक्टूबर तक, गाड़ी संख्या13009 परिवर्तित वाया आसनसोल-बरौनी-हाजीपुर-छपरा, गोरखपुर, अयोध्या 19 सितंबर से 14 अक्टूबर तक, गाड़ी संख्या 13010 हावड़ा दून एक्सप्रेस वाया अयोध्या-गोरखपुर-छपरा-हाजीपुर-बरौनी-आसनसोल 19 सितंबर से 14 अक्टूबर तक परिर्वतित मार्ग से चलेगी।

## अभिनेत्री जया प्रदा के खिलाफ वारंट जारी, मुरादाबाद कोर्ट में 12 सितंबर को होगी सुनवाई

मुरादाबाद - वर्ष 2019 कटघर के मुस्लिम डिग्री कॉलेज में समाजवादी पार्टी की तरफ से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। आरोप है कि इसमें जयप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। कार्यक्रम में रामपुर के पूर्व सांसद आजम खां, मुरादाबाद के सपा सांसद डॉ. एसटी हसन समेत अन्य सपाई शामिल हुए थे। आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में रामपुर की पूर्व सांसद एवं अभिनेत्री जयाप्रदा बीमारी के कारण कोर्ट में हाजिर नहीं हो सकी। उनके खिलाफ अदालत ने फिर से जमानती वारंट जारी कर 12 सितंबर को हाजिर होने के आदेश दिए हैं।2019 लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद कटघर क्षेत्र के मुस्लिम डिग्री कॉलेज में सपा की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें रामपुर के पूर्व सांसद आजम खां, मुरादाबाद के सपा सांसद डॉ. एसटी हसन समेत अन्य सपाई शामिल हुए थे। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान अभिनेत्री जयाप्रदा पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इस मामले में रामपुर निवासी मुस्तफा हुसैन ने आजम खां, डा. डॉ. एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, फिरोज खां, आयोजक मोहम्मद आरिफ, रामपुर के पूर्व चेयरमैन अजहर खां के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। मंगलवार को मुकदमे की सुनवाई लघु वाद न्यायाधीश मनिंदर सिंह की अदालत में की गई। इस मामले में अभिनेत्री एवं रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा को अदालत में हाजिर होकर बतौर पीड़िता अपने बयान दर्ज कराने थे लेकिन उनके अधिवक्ता अभिषेक भटनागर ने जयाप्रदा की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र अदालत में प्रस्तुत किया गया। इसमें मेडिकल रिपोर्ट भी दाखिल की गई। अदालत ने जयाप्रदा के खिलाफ फिर से जमानती वारंट जारी करते हुए उन्हें 12 सितंबर को अदालत में हाजिर होने का आदेश जारी किया है।

## डेंगू से छात्रा की मौत, स्वास्थ्य विभाग बेखबर, 11 दिन में जा चुकी है चार लोगों की जान

मुरादाबाद - अगवानपुर इलाके में लगातार डेंगू के मरीज मिलते जा रहे हैं। स्चास्थ्य विभाग अबतक प्रभावित इलाकों ने नहीं पहुंच पाया है। इससे लोग नाराज हैं। मुरादाबाद के अगवानपुर में डेंगू से छात्रा इकरा (14) की मौत हो गई। कस्बे में 11 दिन में यह चौथी मौत है। इससे पहले तीन लोगों की बुखार से मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग को डेंगू से होने वाली मौत की जानकारी नहीं है। बीजना गांव में भी जब आधे से ज्यादा मरीज ठीक हो गए थे, तब विभाग को पता चला था कि 20 लोग डेंगू पीड़ित हैं। डेंगू, मलेरिया समेत 12 प्रकार के संक्रामक रोगों की रिपोर्ट लैब संचालकों को पोर्टल पर डालनी होती है, जिससे स्वास्थ्य विभाग की नजर रहे। इसके बाद भी महकमा मरीजों का पता लगाने में असमर्थ है। रविवार को अगवानपुर में बुखार से आठ माह की बच्ची की मौत हुई तो सोमवार को स्वास्थ्य कर्मी पहुंचे और लोगों की जांच की। डेंगू से किशोरी की मौत की जानकारी विभाग को नहीं हुई। मोहल्ला निहारियान निवासी छात्रा कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती थी। मृतका के पिता अकरम ने बताया कि 20 अगस्त को बेटी को बुखार हुआ था। स्थानीय डॉक्टर से तीन दिन इलाज कराया। हालत बिगड़ने पर बृहस्पतिवार को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में हुई जांच में छात्रा को डेंगू की पुष्टि हुई थी। चार दिन इलाज के बाद उसकी मौत हो गए। अकरम जुमे की बाजार में सब्जी का फड़ लगाते हैं।

### शिविर न लगने से लोगों में आक्रोश

नगर पंचायत अगवानपुर से दो किलोमीटर दूर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है। इसके चलते आसपास के झोलाछाप इसका फायदा उठाते हैं। बुखार से लगातार हो रही मौतों के बावजूद स्वास्थ्य केंद्र की टीम द्वारा शिविर न लगाए जाने से लोगों में आक्रोश है। क्षेत्र में न सफाई हो रही है और न एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है।

ताज़ा खबरों के लिए देखे

WWW.KNLSLIVE.COM

**क्यूँ न लिखूँ सच**

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।**

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# मासूम प्रतक छात्रा पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हूं -रत्नेश कश्यप

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा ! जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र में आठ दिन पूर्व हुई स्कूली छात्रा की दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या के बाद उसके परिवार को ढांढस बंधाने कासगंज जिले की जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रत्नेश कश्यप पहुंची ! उन्होंने गांव पहुंच कर पीड़ित परिवार से बातचीत कर हाल चाल जाना। साथ की घटना के बारे में संपूर्ण जानकारी जुटाई। परिवार से मिलने पहुंची भाजपा नेता श्रीमती रत्नेश कश्यप ने परिवार को न्याय के लिऐ हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रत्नेश कश्यप ने अधिकारियों से बातचीत कर घटना के बारे में जानकारी जुटाई और जल्द कार्यवाही करने को निर्देशित किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बॉबी कश्यप ने कहा कि उनकी सरकार अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए कार्य कर रही है छात्रा की हुई निर्मम वीभत्स हत्या जैसी घटना बेहद निंदनीय है , सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा और घटना में शामिल अपराधियों को सजा दिलाई जाएगी।जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रत्नेश कश्यप ने कहा की वह स्वयं ही एक महिला है और महिलाओं की समस्याओं को बेहतर समझ सकती है ।पीड़ित परिवार का दुख भी मैं समझ सकती हूं।परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ऐसे में ईश्वर पीड़ित परिवार को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करे।

# नल जल योजना के द्वारा नहीं पहुंच रहा घर-घर पानी

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



मऊगंज - ग्रामीण पीने के पानी की एक-एक बूंद के लिए 1 किलोमीटर का सफर तय कर पानी लाते हैं मध्यप्रदेश के नवनियुक्त जिले मऊगंज क्षेत्र अंतर्गत एक गांव है सगहन कलां जहा आज भी देश के आजाद होने के 75 वर्ष बाद भी पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण सरकार के द्वारा चलाए गए नल जल मिशन में हर घर टोटी के माध्यम से पानी पहुंचाया जाना था लेकिन आज तक किसी घर में भी जल नही पहुंचाया गया नल जल मिशन को चीख - चीख कर बया कर रही ए तस्वीरे दरअसल आपको बता दे की ग्राम पंचायत सगहन कलां के आदिवासी बस्ती में लगभग 15 घरों में पानी की बहुत किल्लत हो रही है एक नल था जो इनके घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर था तो उसी नल से पीने का पानी ले जा रहे थे लेकिन इन दिनों हो रही बरसात के कारण ओ नल जमीन में समा गया दरअसल आज 6 महीने से आदिवासी बस्ती के लोग 1 किलोमीटर दूर से पानी ले जाते है और बूंद-बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। बताया जा रहा है की ग्रामीण अपनी शिकायत लेकर प्रशासन के पास जा चुके हैं और गांव में पानी की किल्लत होने की शिकायत कर चुके हैं, लेकिन आज तक प्रशासन की नींद नहीं खुली है और न ही गांव में पानी पहुंचा है. जिसके चलते ग्रामीणों को कई किलोमीटर का सफर तय करके पानी लाना पड़ रहा है. ग्रामीण पीने के पानी की एक-एक बूंद के लिए 1 किलोमीटर का सफर तय कर पानी लाते हैं. वहीं इस वार्ड में आज तक प्रशासन ने एक भी हैंडपम्प तक नही लगा. लेकिन जिले के आला अधिकारियों ने आज तक इस ओर कोई पहल नहीं की है. और देखना यह है की क्या करते हैं क्षेत्रीय विधायक

# मेज पर तमंचा रखकर एसडीओ-जेई को डराया

क्यूँ न लिखूँ सच-निशाकांत शर्मा

एटा -कार्यालय में घुसकर एसडीओ की मेज पर तमंचा, कारतूस रखकर नलकूप कटवाने का दबाव बनाया। न मानने पर एसडीओ, जेई को धमकाया और कार्यालय में तमंचा, कारतूस रखने का वीडियो वायरल करने की धमकी दी है। एसडीओ ने थाना जैथरा में तहरीर दी है। एसडीओ कौशल चौधरी ने थाना जैथरा में तहरीर देते हुए बताया कि गांव चिलौली में अधिकारियों के आदेश पर नलकूप कनेक्शन दिया गया है, जिसे कटवाने का दबाव बनाया जा रहा है। बताया कि रविवार को जेई के साथ जैथरा स्थित कार्यालय में बैठे हुए थे। आरोप है कि युवक अपने साथ दस लोगों को साथ लेकर कार्यालय पहुंचा और मेज पर तमंचा, कारतूस रख दिए। तमंचा, कारतूस सहित उनकी वीडियो बना ली। वीडियो बनाने के बाद उन्होंने गांव में दिए गए नलकूप कनेक्शन कटवाने का दबाव बनाया। एसडीओ ने समझाया कि अधिकारियों के आदेश पर कनेक्शन दिया है। उसे काटा नहीं जा सकता है। इसी बात को लेकर वीडिया वायरल करने की धमकी दी और फंसाने क बात कहीं है। एसडीओ ने थाना जैथरा में तहरीर दी। अधिकारियों को अवगत कराया है।

# उदघाटन तो हुआ ,मगर खेला नही हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा -मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ के वर्चुअल उदघाटन करने के बाद भी मंडल के सबसे बड़े अलीगंज स्टेडियम में खेल शुरू नहीं हो सके हैं। खेल संचालन को निदेशालय से किसी अधिकारी, कर्मचारी की तैनाती नहीं की गई है। जनपद में खेल प्रतिभा तराशने का कार्य पंडित गोविंद बल्लभ पंत स्टेडियम में हो रहा है। उप क्रीड़ाधिकारी पूजा भटट ने बताया कि अलीगंज का स्टेडियम मंडल में सबसे बड़ा है, जिसका मुख्यमंत्री ने दिसंबर 2022 में लखनऊ से वर्चुअल उद्घाटन किया जा चुका है। बावजूद इसके खेल निदेशालय ने अभी तक किसी अधिकारी, कर्मचारी और कोच तक की तैनाती नहीं की, जिस कारण इस स्टेडियम में अभी तक खेल प्रक्रियाएं शुरू नहीं हो सकी। शासन स्तर से अधिकारी, कर्मचारी तैनात होने के बाद ही यहां पर खिलाड़ी प्रतिभा तराशने का कार्य शुरू हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इस स्टेडियम का निर्माण लगभग 2011-12 में शुरू हुआ था। तब से लेकर विभिन्न चरणों की प्रक्रिया के बाद स्टेडियम की 2022 में शुरू हो सका है। उसके बाद भी खेल गतिविधियां स्टाफ न होने की वजह से संचालित नहीं हो पा रही हैं। जनपद स्तर पर नहीं है कोई खेल छात्रावास एटा। उप क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि जिले में कोई खेल छात्रावास नहीं है। फुटवाल खिलाड़ी सुमित का चयन प्रयागराज के खेल छात्रावास के लिए हुआ है। जहां पर वह पढ़ाई करने के साथ-साथ खेल भी खेल रहा है।

### एटा स्पोर्टस स्टेडियम में तीन कोच दे रहे खेल प्रशिक्षण

एटा। उप क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर स्थित पंडित गोविंद बल्लभ पंत स्टेडियम में खेल निदेशालय की ओर से खेल गतिविधियां संचालित कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि यहां पर तीन कोच कार्यरत है, जिसमें हॉकी के प्रवेन्द्र सिंह यादव, खेलो इंडिया सेंटर के इंद्रमणि पटेल और फुटवाल की वह स्वयं कोच हैं।

### अन्य खेलों में चयन-ट्रायल से खिलाडियों का हो रहा चयन

एटा। उप क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि इन खेलों के अलावा स्टेडियम में हॉकी, एथलेटिक्स, फुटवाल, कबड्डी, बैडमिंटन, बालीवाल, भारोत्तोलन, क्रिकेट, खो-खो के खिलाड़ियों को चयन-ट्रायल्स के माध्यम से चयनित कर मंडल स्तर पर भेजने का कार्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2023 से अब तक जिले से 60-65 खिलाड़ियों को विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में चयनित कर मंडल स्तर पर भेजा गया है।

# खेल के क्षेत्र में मेजर ध्यानचंद के योगदान को कभी विस्मृत नही किया जा सकता- सिद्धार्थ श्रीवास्तव

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



रीवा- हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 118वीं जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर स्थानीय मार्तण्ड स्कूल में जिला स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ! जिसके मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी, कवि एवं वक्ता सिद्धार्थ श्रीवास्तव रहे, जबकि अध्यक्षता विकास खंड शिक्षा अधिकारी आर. एल. दीपांकर ने की! विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला क्रीडा अधिकारी रमेश सिंह, सहायक संचालक खेल जे. डी. रीवा किरण अवस्थी, युवा समाजसेवी अविराज एवं वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक शिष्ट धर शर्मा उपस्थित रहे! कार्यक्रम का संचालन शिक्षक डॉ विनय दुबे ने किया! सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया! तत्पश्चात खिलाड़ियों से अतिथियों ने मैत्री भेंट की! इसके पश्चात जिला स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया! बालक वर्ग में यह मैच विश्विद्यालय बनाम मार्तण्ड क्र 1 के बीच खेला गया! जिसकी विजेता विश्विद्यालय की टीम रही!किंतु शिक्षक दिवस के कारण सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती समूचा देश मनाता है ठीक इसी प्रकार इस देश में विभिन्न खेलों में कई प्रतिभावान खिलाड़ी हुए जिन्होंने देश का नाम पूरे विश्व में रोशन किया लेकिन उनमें एकमात्र ध्यानचंद्र ऐसे हुए जिनकी जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है! उन्होंने भारत को ओलंपिक में तीन बार गोल्ड मैडल दिलवाया! वास्तव में खेल के क्षेत्र में मेजर ध्यानचंद्र के योगदान को कभी विस्मृत नही किया जा सकता卐 कार्यक्रम को अध्यक्षता कर रहे विकास खंड शिक्षा अधिकारी आर. एल. दीपांकर ने कहा कि- 卐जितने युवा खिलाड़ी इस मैच को खेल रहे है वो सब सही मायने में राष्ट्रीय खेल दिवस को चरितार्थ कर रहे है! आपमें टीम भावना जरूर होनी चाहिए तभी आपके खेल और व्यक्तित्व में निखार आएगा卐 कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे! इस अवसर पर प्रमुख रूप से विकासखंड अधिकारी रायपुर जीवेन्द्र सिंह, चंदन सिंह, अवधेश पांडेय, वीरेंद्र शुक्ला, सत्यम मिश्रा, अभिषेक सिंह, शिवम मिश्रा, शशिमोल तिवारी, सृष्टि मिश्रा एवं शिवानी भारती सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे!

# तहसील कुंभराज में पदस्थ बाबू ने बीपीएल कार्ड बनाने रिश्वत के 3000 लिए, दीपचंद ने लगाया आरोप



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

जिला गुना कुंभराज तहसील में भ्रष्टाचारी का मामला सामने आया है आज से लगभग 4 महीना पहले तहसील कुंभराज में पदस्थ बाबू दुर्गा प्रसाद सोनी ने बीपीएल कार्ड बनवाने के लिए ?3000 लिए है मंगलवार को दीपचंद गांव खेड़ीकला ने तहसील कार्यालय कुंभराज में आवेदन दिया आवेदन मे बताया है मेरा नाम दीपचंद बंजारा गांव खेडिकला का निवासी हू मेरा परिवार गरीबी रेखा से नीचे यापन करता है मेरा बीपीएल कार्ड नहीं है आज से लगभग 4 महीने पहले में पटवारी तगत सिंह के पास गया पटवारी के द्वारा बोला गया कि कुंभराज तहसील में बाबू दुर्गा प्रसाद सोनी से मिलना पड़ेगी पटवारी तगत सिंह के साथ में बीपीएल का फॉर्म बाबू दुर्गा प्रसाद सोनी को दिया था बाबू दुर्गा प्रसाद ने बोला कि आपको ?3000 देना पड़ेगी तब आपका बीपीएल कार्ड बनेगा मैंने बाबू दुर्गा प्रसाद सोनी को ?3000 दे दिए । कुंभराज तहसील में बाबू दुर्गा प्रसाद सोनी के पास 20 बार चक्कर लगा चुका लेकिन आज तक ना ही मेरा बीपीएल कार्ड बनाया और ना ही मेरे पैसे दिए बाबू दुर्गा प्रसाद सोनी बोलता है कि आपका बीपीएल का फॉर्म गुम हो चुका है आपका काम नहीं हो सकता है दीपचंद बंजारा ने मीडिया को बताया है कि,इस,बात को लेकर आज दिनांक 29 अगस्त को तहसीलदार सत्येंद्र गुर्जर को आवेदन दिया लेकिन आवेदन की प्राप्ति मुझे नहीं दी गई बोला गया कि आपको बाबू देगा बाबू पास गया तो बाबू ने भी प्राप्ति देने से मना कर दिया वापस तहसीलदार के पास गया तो बोला प्राप्ति आपको नहीं मिलेगी

# दो भाइयों की गोली मारकर हत्या के दोषी पिता और दो पुत्रों को आजीवन कारावास

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा -साल 2013 में दो भाइयों की गोली मारकर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने पिता, उसके दो पुत्रों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई । नीलिमा चौहान के अनुसार थाना सकरौली के गांव मनीगढ़ी निवासी प्रेमपाल पुत्र लेखराज ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी 3 मई 2013 की रात को पीड़ित, भाई चन्द्रपाल, ज्ञान सिंह, पिता लेखराज सो रहे थे। पीड़ित, पिता, भाई चन्द्रपाल छत पर सो रहे थे एक भाई ज्ञान सिंह नीचे कमरे में पत्नी के साथ सो रहे थे । इसी दौरान पड़ोसी आरोपी रामप्रसाद, थान सिंह, राजवीर सिंह, बनी सिंह तमंचा लेकर आएं थे और फायरिंग कर दी थी। भाई चन्द्रपाल को गोली मार दी थी। ज्ञान सिंह को भी गोली मार दी थी। एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा लेकर पहुंचे थे। चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया था। मामले में एसओ रहे रामसिया मौर्य ने विवेचना के बाद रामप्रसाद, राजवीर, थान सिंह, बनी सिंह निवासी मनीगढ़ी सकरौली के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी। सोमवार को दोनों पक्ष के वकीलों ने दलील पेश की। दलील सुनने के बाद अपर जिला जज कक्ष संख्या एक नरेन्द्र कुमार सिंह ने आरोपी राजवीर, रामप्रसाद, थान सिंह को दोषी मानते हुए आजीवन करावास की सजा सुनाइ। । शासन की तरफ से पैरवी करते हुए एडीजीसी सर्वेश चौहान, नीलिमा चौहान, प्रदीप गुप्ता ने सख्त सजा की मांग की। दस-दस हजार के अर्थदंड से दंडित किया है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# फसलों के अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण की रोकथाम के सम्बन्ध में

क्यूँ न लिखूँ सच -शशिकांत शर्मा

शाहजहांपुर- जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त कृषकगणों को अवगत सूचित किया है कि फसल अवशेष प्रबन्धन एवं फसल अवशेष नही जलाने के सम्बन्ध में किसानों को जागरूक करने एवं फसल अवशेष जलाये जाने से हो रहे प्रदूषण की रोकथाम हेतु निम्नवत व्यवस्था की गयी है। 1. कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ यथा सम्भव सुपर एस.एम.एस. का प्रयोग किया जाये जिससे पराली प्रबन्धन कटाई के समय ही हो जाये।2. सुपर एस.एम.एस. के विकल्प के रूप में अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन के यन्त्र जैसे- स्ट्रारीपर, स्ट्रारेक व बेलर, मल्चर,पैडी स्ट्राचापर,श्रबमास्टर,रोटरी स्लेशर, रिवर्सिबुल एम.बी. प्लाऊ का भी प्रयोग कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ किया जाये, जिससे खेत में फसल अवशेष बण्डल बनाकर अन्य उपयोग में लाया जा सके अथवा काटकर मिट्टी में मिलाया जा सके। कम्बाईन हार्वेस्टर के संचालक की जिम्मेदारी होगी कि कटाई के दौरान उपरोक्त समस्त व्यवस्था स्वयं सुनिश्चित कराते हुये कटाई का कार्य करेगें ।3.यदि कम्बाइन स्वामी द्वारा बिना फसल अवशेष प्रबन्धन के यंत्रों यथा एस.एम.एस. स्ट्रारीपर, स्ट्रारेक आदि का उपयोग किये बिना कम्बाइन का प्रयोग किया जाता है, तो उस पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।4. यदि कोई किसान बिना पराली को हटाये रबी की बुवाई के समय जीरो टिल सीड कम फर्टी ड्रिल, हैपीसीडर या सुपर सीडर का प्रयोग कर सीधे बुवाई करना चाहता है या फिर डीकम्पोजर का प्रयोग कर पराली का प्रबन्धन करना चाहता है तो ऐसे किसान अनिवार्य रूप से इस आशय का घोषण पत्र सम्बन्धित उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी को देगें कि उसके द्वारा पराली नहीं जलायी जायेगी, अपितु रबी की बुवाई के समय उक्त यन्त्रों/ डीकम्पोजर का प्रयोग किया जायेगा ।5. यदि जनपद में उक्त शिथिलता / संशोधन का दुरूपयोग कर पराली जलाने की घटनायें प्रकाश में आती हैं तो जिलाधिकारी अधिकृत होगें कि वह कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ सुपर एस. एम. एस. लगाये जाने की अनिवार्यता की पूर्व व्यवस्था अपने स्तर पर लागू कर लें ।6. जनपद के समस्त कृषि बंधुओं से अनुरोध है कि फसल अवशेष को न जलाये तथा अपनी मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाये।

# संकुल स्तरीय दिशा बोध कार्यशाला का आयोजन किया

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा




एटा -सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल एटा के सभागार में कक्षा 12 की छात्राओं का मार्गदर्शन करने से, संकुल स्तरीय दिशा बोध कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी एटा अंकित अग्रवाल, उप जिलाधिकारी अलीगंज रश्मिलता, मंत्री श्री विद्या परिषद विद्योतमा, चार्टर्ड अकाउंटेंट दुर्गेश अग्रवाल, स्वामी विवेकानंद शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष क्षेत्रपाल उपाध्याय ,मंत्री ब्रज नंदन माहेश्वरी ,सरस्वती विद्या मंदिर के अध्यक्ष सुधीर गुप्ता, प्रबंधक वीरेंद्र वार्ष्णेय, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर आगरा चारु शर्मा ने संयुक्त रुप से मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित करके किया। संकुल स्तरीय कार्यशाला में एटा ,आगरा, फिरोजाबाद की छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यशाला की व्यवस्था प्रमुख सोनिया माहेश्वरी रही। इस अवसर पर जिलाअधिकारी अंकित अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज परिवर्तन के साथ-साथ हमको अपना लक्ष्य इस प्रकार चयनित करना चाहिए कि उसे पाकर हम आज के समाज के अनुसार खड़े हो सकें । हमको अनुशासित तरीके से तैयारी करनी चाहिए और सबसे पहले हमें स्वयं यह तय कर लेना चाहिए कि भविष्य में हम क्या बनना चाहते हैं? छात्र दैनंदिनी के प्रयोग से समय नियोजन एवं कार्य योजना पूर्व में ही तैयार करने की आदत बनती है। विषय ज्ञान के साथ-साथ प्रार्थना में उच्चारित विषय वस्तु का दैनिक अभ्यास मन मस्तिष्क को सबलता प्रदान करता है। लक्ष्य निर्धारित हो जाने से ऊर्जा का सदुपयोग होता है। लक्ष्य के प्रति किया जाने वाला प्रयास एकाग्रता को बढ़ाता है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए मन-स्थिक का भी योगदान होता है। कभी-कभी परिस्थिति भी प्रभावित करती है। किंतु लगन एवं आत्मविश्वास के साथ किया जाने वाला प्रयास ,अभ्यास सफलता की ओर ले जाता है। जैसे-जैसे हम लक्ष्य के निकट होते हैं वैसे वैसे उत्साह या तो बढ़ता है, या फिर घटता है। यह हमारी पूर्व की तैयारी पर निर्भर करता है । हमें समय नियोजन को महत्व अवश्य देना चाहिए। हमें सिर्फ अच्छे अंक के लिए ही लक्ष्य नहीं लेना है बल्कि समय नियोजन के साथ कार्यप्रणाली, जीवन मूल्यों का भी ध्यान रखना चाहिए। सूर्योदय से पूर्व जागरण करना हमें ऊर्जावान बनाता है क्योंकि इस कार खंड में वातावरण में सर्वत्र सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है यह हमारी पाचन शक्ति को भी प्रभावित करता है। अल्पकालिक लक्ष्य और दीर्घ कालीन लक्ष्य। अल्पकालिक लक्ष्य की पूर्ति धीरे-धीरे हमें दीर्घकालिक लक्ष्य को प्राप्त कराती है। छात्र जीवन ही अनुशासन सीखने का स्वर्णिम काल होता है। अनुशासित व्यक्ति ही आदर्श नागरिक रूप में अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करता है। किसी भी कार्य को करते समय हमारी नीयत भी ठीक होनी चाहिए ,हमें अपनी शक्ति, बुद्धि, दक्षता, क्षमता का प्रयोग मानव कल्याण कार्य के लिए ही करना चाहिए।हमें देश भक्ति का भाव भी अपने मन में संजोकर रखना चाहिए। देश हमें देता है सब कुछ ,हम भी तो कुछ देना सीखें । यह पंक्ति हमें जीवन भर आदर्श नागरिक बने रहने के लिए प्रेरित करती है । कार्य योजना बनाना और समय नियोजन के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना ही हमें सफल बनाता है। इसके अतिरिक्त विज्ञान वर्ग, वाणिज्य वर्ग, मानविकी वर्ग से संबंधित विषय विशेषज्ञों ने छात्राओं का माध्यमिक स्तर की परीक्षा से लेकर आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं तक की तैयारी करने के लिए दिशा बोध किया। कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम के संकुल स्तरीय संयोजक कृष्ण कांत द्विवेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य प्रेमचंद, डॉक्टर राहुल शर्मा, डॉ अजय उपाध्याय, राहुल चौहान, सूबेदार सिंह शाक्य, जितेंद्र सिंह डॉ संजीव सिंह, विनय वशिष्ट, आश्चर्य वार्ष्णेय, आलोक त्रिवेदी ,लवली शर्मा ,सुनीता जैन, श्याम सुंदर शुक्ला, छत्रपाल सिंह शिक्षक स्टाफ की उपस्थिति रही।

# होराइजन एजुकेशन कॉन्वेंट स्कूल की छात्राओं ने पुलिस स्टेशन में पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



सागर,केसली-रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में होराइजन एजुकेशन कान्वेंट स्कूल की छात्राओं ने हाथ से बनाई राखियों को लेकर छात्राएं पुलिस स्टेशन पहुंची।

जहां छात्राओं ने थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस स्टाफ को अपने हाथों से राखी बांधकर गर्व महसूस किया एवं मां भारती के वीर सपूतों के लिए आकर्षक भाषण दिया और इसी के साथ विद्यालय में भी रक्षाबंधन का त्यौहार बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने मेहंदी और राखी प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करके पुरस्कार अर्जित किया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 8 से प्रतिभा लोधी , द्वितीय स्थान कक्षा 8 से अदिति ठाकुर एवं तृतीय स्थान कक्षा 6 से पारुल ठाकुर ने प्राप्त किया। इसी के साथ राखी प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान कक्षा 5 से फलक खान और द्वितीय स्थान कक्षा 8 से प्रतिभा लोधी, एवं तृतीय स्थान कक्षा 3 से रिद्धि ठाकुर ने प्राप्त किया। विद्यालय की छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया एवं छात्राओं ने कर्मचारी भाइयों को भी राखी बांधकर एकता, सद्भाव की भावना का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और सफलता के साथ पूर्ण किया गया। जिसमें विद्यालय के डायरेक्टर शिवराम सिंह ठाकुर के साथ प्राचार्य सचेन्द्र जैन, शिक्षक गण श्रीमति सुनीता विश्वकर्मा, श्रीमति भारती उपाध्याय,निकिता पाठक, नेहा कटारिया , रामदत्त पांडे, शिवानी राजपूत, निधि शुक्ला, दीक्षा राजपूत, दीप्ति जैन, श्रद्धा दुबे, दीप्ति अहिरवार, खुशी राय,श्रीमति शारदा चढ़ार,अनिल ठाकुर एवं समस्त शिक्षक स्टॉफ उपस्थित रहा।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बुआ की मौत, भतीजी घायल

क्यूँ न लिखूँ सच
योगेश मुदगल



मारहरा। कस्बा के पिदौरा अड्डा स्थित शिवगढ़ी मंदिर के सामने अनियंत्रित ट्रेक्टर ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार बुआ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि भतीजी गम्भीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। वहीं घायल भतीजी को उपचार के लिए भर्ती कराया है। थानाक्षेत्र के गांव खलीलगंज निवासी प्रताप सिंह की बुआ गिरिजादेवी ( 50 वर्ष ) पत्नी बाबूराम, निवासी गांव नगला झत्ती थाना सोरों जनपद कासगंज रक्षा बंधन पर्व के चलते खलीलगंज आयीं हुईं थीं। मंगलवार की सायं लगभग पांच बजे वह भतीजे प्रतापसिंह के साथ बाइक से मारहरा के बाजार में खरीददारी कर वापस खलीलगंज लौट रहीं थीं। साथ में भतीजी सुनीता ( 30 वर्ष ) भी थी। अभी वह कस्बा में मुहल्ला तालागढ़ स्थित शिवगढ़ी मंदिर के सामने ही पहुंच पाये थे, कि सामने से तेज गति से आ रहे ट्रेक्टर ने अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दी। जिससे गिरिजादेवी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि भतीजी सुनीता घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मारहरा एसओ सत्यपाल सिंह मय पुलिसबल के मौके पर पहुंच गये और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। घायल सुनीता को भी उपचार के लिए चिकित्सालय भिजवा दिया गया। एसओ ने बताया कि बाइक में टक्कर मारकर चालक ट्रैक्टर और ट्राली को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया है। प्राथमिकी पंजीकृत कर उसकी तलाश की जा रही है।

# स्वामी प्रसाद मौर्य के हिन्दू धर्म के बारे में दिए गए विवादित बयान पर बोले राज्य सभा सांसद हरनाथ सिंह यादव

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा – स्वामी प्रसाद मौर्य के हिन्दू धर्म के बारे में दिए गए विवादित बयान पर बोले राज्य सभा सांसद हरनाथ सिंह यादव। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य समाजवादी पार्टी के महासचिव हैं ऐसे में मैं उनके इस बयान को समाजवादी पार्टी का अधिकृत बयान मानता हूं। और यदि में गलत कह रहा हूं तो अखिलेश यादव को इसका खंडन करना चाहिए। उन्होंने पूँछा क्या स्वामी प्रसाद मौर्य इस प्रकार का बयान मुस्लिम धर्म के बारे में दे सकते हैं, वे जानते हैं कि इसके क्या परिणाम होंगे। सरकार को स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान का संज्ञान लेकर इस पर एफआईआर करके स्वामी प्रसाद मौर्य को जेल के सीखचों के अंदर डालना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा आजादी के 76 सालों बाद भी भारत की प्रथम नागरिक द्रोपदी मुर्मू को मंदिर में जाने से रोका गया ये निराधार है। उन्होंने स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी संघ मित्रा मौर्य द्वारा पिछले दिनों स्वामी प्रसाद मौर्य की बीजेपी में वापसी के संकेत देने पर कहा कि ऐसे व्यक्ति को बीजेपी कभी स्वीकार नहीं करेंगी। उन्होंने स्वामी प्रसाद मौर्य को पागल करार दिया। वन टू वन ज हरनाथ सिंह यादव, सांसद, राज्य सभा।

# विवाहिता ने पति पर लगाए गंभीर आरोप एसएसपी से शिकायत

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ थाना अकराबाद के अंतर्गत कस्बा पिलखाना की रहने वाली एक विवाहिता ने अपने पति और ससुरालजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता मलूकी पुत्री मेहरबान ने एसएसपी को दिए एक प्रार्थना पत्र में आरोप लगाते हुए कहा है कि बारह साल पूर्व उसका निकाह सलमान पुत्र यामीन खां निवासी हारनपुर कलां थाना दादों के साथ संपन्न हुआ था। शादी के बाद से ही पति व ससुरालिजन अतिरिक्त दहेज की मांग करते चले आ रहे हैं। विरोध पर विवाहिता के साथ जमकर मारपीट करते हैं। विवाहिता का पति उससे कहता है कि किसी अन्य युवक से अपने संबंध बना ले फिर उसके ऊपर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा देंगे। फिर उससे अबैध रुप से रुपए लेकर फैसला कर लेंगे। शातिर दिमाग पति, पत्नी की इज्जत दाव पर लगाकर अबैध रुप से रुपए कमाना चाहता है। उसके इनकार करने पर एक सप्ताह पूर्व उक्त आरोपियों ने मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया था। इसकी शिकायत थाने पर की गई तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता एसएसपी कार्यालय पहुंची और प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने पीड़िता को भरोसा देते हुए थाना पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए है।

# उत्तर प्रदेश शासन ने ऋण की सुविधा प्रदान किये जाने के उद्देश्य से सहायता योजना संचालित की

क्यूँ न लिखूँ सच -शशिकांत शर्मा

शाहजहांपुर- उपायुक्त उद्योग श्री अनुराग यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत उद्योग एवं सेवा से जुड़े अभ्यर्थियो के लिए ऋण की सुविधा दी जा रही है जिसमें हाई स्कूल पास होना अनिवार्य हैं एवं उम्र 40 वर्ष से अधिक न हो ऐसे अभ्यर्थी योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। इच्छुक व्यक्तियों के लिए उत्तर प्रदेश शासन ने ऋण की सुविधा प्रदान किये जाने के उद्देश्य से सहायता योजना संचालित की है। योजनान्तर्गत उद्योग / सेवा क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों को 25 प्रतिशत तक अनुदान दिया जायेगा। ऋण की अधिकतम धनराशि रुपये 25 लाख है। ऐसे इच्छुक युवक/ युवतियां जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष तक या इससे अधिक नही होनी चाहिए वह उद्योग / सेवा हेतु आवेदन कर सकता है। आवेदनकर्ता किसी भी बैंक का चूककर्ता (डिफाल्टर) नही होना चाहिए और न ही उसने या उसके परिवार ने भारत सरकार / राज्य सरकार द्वारा संचालित किसी योजना में लाभ प्राप्त किया हो। आवेदन ऑनलाइन बेवसाइट www.diupmsme.upsdc.gov.in पर किया जा सकता है।आवश्यक दस्तावेज- न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल पास या समकक्ष पास प्रमाण पत्र, 2- अधार कार्ड, 3- पैन कार्ड, 4- बैंक खाता विवरण, 5 पासपोर्ट साइज फोटो, 6 आवेदन द्वारा पात्रता की शर्तें पूर्ण किये जाने विषयक शपथ पत्र 7 परियोजना रिपोर्ट अधिक जानकारी के लिए कोविड़-19 में निर्धारित मानको के अनुसार अनिवार्य रूप से मास्क पहनकर सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, शाहजहाँपुर में अथवा पटल सहायक के मोबाइल नं0- 9548515974 पर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# सरगुजा रेंज पुलिस ने पावर प्लांट में किया 3 करोड़ रूपये के 13 क्वींटल से अधिक गांजा सहित अन्य नशीले वस्तुओं का नष्टीकरण

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल







सूरजपुर- सरगुजा रेंज में जब्त 13 क्वींटल 14 किलो गांजे सहित अन्य नशीली पदार्थो को पावर प्लांट के बायलर में डालकर बिजली का उत्पादन किया गया। जिससे करीब 1 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होने का अनुमान है। रेंज में यह दूसरी बार गांजा नष्टीकरण कर बिजली का उत्पादन किया गया है। बाजार मूल्य के हिसाब से लगभग 3 करोड़ के मादक पदार्थों को नष्टीकरण किया गया। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज सरगुजा श्री अंकित गर्ग ने कहा कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए नशीली वस्तुओं को नष्ट किया गया जिससे बिजली का उत्पादन हुआ है। आईजी श्री अंकित गर्ग ने कहा कि सरगुजा रेंज के जिलों के द्वारा अभियान चलाकर नशे के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर नशीली पदार्थ गांजा, बाउन शुगर, सिरप, कैप्सूल, इंजेक्शन, टेबलेट जप्त की गई थी। पुलिस द्वारा पकड़े गए नशे के जखीरे का नष्टीकरण किया गया। अभियान के तहत सरगुजा रेंज में 174 प्रकरणों में 13 क्वींटल 14 किलो 783 ग्राम गांजा, 62 नग गांजा का पौधा, बाउन शुगर 34 ग्राम 22 मिलीग्राम, 58977 नग कफ सिरप, 9703 नग इंजेक्शन, 161004 नग टेबलेट का नष्टीकरण इंदिरा पावर जैन प्राईवेट लिमिटेड गिरवरगंज-नयनपुर में किया गया। नष्टीकरण के दौरान जलाए गए गांजे से बिजली का उत्पादन भी हुआ है। हाई पावर ड्रग डिस्पोजल कमेटी की देख-रेख में हुआ नष्टीकरण। आईजी सरगुजा के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने नशीले पदार्थो के नष्टीकरण को लेकर सारे इंतेजामों को पहले से ही दुरूस्त करा रखा था। सरगुजा रेंज के सभी जिलों में नशे के विरुद्ध अच्छी कार्रवाई की गई है। मादक पदार्थों के नष्टीकरण के लिए रेंज स्तर पर 3 सदस्यीय हाई पावर ड्रग डिस्पोजल कमेटी बनाई गई है। मादक पदार्थों के नष्टीकरण की कार्यवाही समिति के अध्यक्ष आईजी सरगुजा श्री अंकित गर्ग, सदस्य पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला, पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री सुनील शर्मा की उपस्थिति में मंगलवार, 29 अगस्त 2023 को किया गया। कप सिरप की शिशियों और टेबलेट्स को जलाकर, रोलर से कुचलवाकर नष्ट किया गया और फिर जमीन पर गड्ढा खोदकर उसे मिट्टी से पाट दिया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभाराज अग्रवाल, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी प्रेमनगर एम्मानुएल लकड़ा, प्रशिक्षु डीएसपी स्निग्धा सलामे, प्लांट के जीएम डी.एस.साहू, आईजी ऑफिस के रीडर सुभाष ठाकुर, विकास सिंह, थाना प्रभारी सूरजपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, रक्षित निरीक्षक रामप्रसाद पैंकरा, निरीक्षक जावेद मियादाद सहित सरगुजा रेंज के कई पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# दो वर्ष पूर्व जिले में जहरीली शराब से हुई घटना से भी जिम्मेदारों ने नहीं लिया सबक

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - बंद मकान में चल रहा था शराब का गोरखधंधा आखिरकार किसकी शाह पर चल रहा था शराब का कारोबार वर्ष 2021में जहरीली शराब के सेवन से जिला अलीगढ़ समेत अन्य स्थानों पर तमाम लोगों की जान चली गईं थी। इसके बाद प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अलीगढ़ सहित पूरे प्रदेश में शराब माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के आदेश दिए थे। तमाम शराब माफियाओं पर प्रशासन भी अपना डंडा चलाने में पीछे नहीं रहा था। उस समय भी अबैध शराब की फैक्टरी व कारोबार का केंद्र बिंदु थाना अकराबाद की पनेठी चौकी क्षेत्र स्थित गांव अधौन रहा था। की रात एक बार फिर एसटीएफ की टीम द्वारा इसी क्षेत्र में गांव जसरथपुर के निकट एक बंद मकान से भारी मात्रा में अबैध रुप से शराब का जखीरा पकड़ा जाना एक चिंता का विषय है। इसकी स्थानीय पुलिस को भनक न लगना क्या पुलिस की लापरवाही नहीं है। आखिर इतना बड़ा खेल किसकी शह पर चल रहा था। पुलिस को इसकी जिम्मेदार अधिकारियों से जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।

# अदालत के डायस पर पिस्टल मामले में एसपी को पत्र दोषी न्यायालय सुरक्षा प्रभारी एवं कोर्ट मोहर्रिर पर गिरेगी गाज

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श



फर्रुखाबाद -फर्रुखाबाद फतेहगढ़ स्थित विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र सिंह चतुर्थ ने अदालत के डायस पर पिस्टल रखे जाने की घटना अत्यंत दुखद बताया है न्यायाधीश श्री सिंह ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर घटना के लिए दोषी न्यायालय सुरक्षा प्रभारी निरीक्षक एवं कोर्ट मोहर्रिर हिमांशु यादव के विरोध कड़ी कार्रवाई करने को कहा है

न्यायाधीश श्री सिंह ने एसपी को अवगत कराया है की 28 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे अदालत में 156 3 के प्रार्थना पत्र की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं में गरमा गरमी होकर गाली गलौज हुआ एक अधिवक्ता ने पिस्टल निकाल कर डायस पर रख दी यह घटना अत्यंत दुखद तथा पुलिस की लापरवाही की परिचायक है प्रभारी निरीक्षक न्यायालय सुरक्षा इसके लिए जिम्मेदार है कि किन परिस्थितियों में कोई व्यक्ति न्यायालय परिसर में शस्त्र लेकर घुस आया तथा न्यायालय कक्ष के अंदर भी पिस्टल लेकर पहुंच गया न्यायालय के कोर्ट मोहर्रिर हिमांशु यादव ने कोई तत्परता नहीं दिखाई कोई तलाशी नहीं की तथा भीड़ को नियंत्रित करने का कोई प्रयास नहीं किया। कोर्ट मोहर्रिर हिमांशु यादव अपनी सीट पर बैठा रहा वह अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाह है तथा अनुशासनहीन है न्यायाधीश ने पुलिस अधीक्षक से प्रभारी निरीक्षक न्यायालय सुरक्षा एवं कोर्ट मौर्य हिमांशु यादव के विरुद्ध अनुशासनात्मक करवाई करने एवं कोर्ट मोहर्रिर हिमांशु यादव को न्यायालय से तत्काल स्थानांतरित करने को कहा है समझा जाता है कि पुलिस अधीक्षक भी मामले को गंभीरता से लेकर दोषी कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर सकते हैं घटना के दोषी कर्मचारियों को लाइन हाजिर अथवा निलंबित किया जा सकता है

# अंतरराष्ट्रीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार 10 बाइके बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श




फर्रुखाबाद - जनपद फर्रुखाबाद थाना मऊदरवाजा पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी की 10 बाइके बरामद की है पुलिस को आरोपियों के पास चाबियां के गुच्छा के अलावा मास्टर की मिली है पुलिस ने थाना शमशाबाद के ग्राम नयगवां निवासी दुर्विजय पुत्र रामनाथ जनपद मैनपुरी थाना बिछुवां के ग्राम भनऊ निवासी महेश पुत्र राम किशोर जनपद फिरोजाबाद थाना जसराना के निजामपुर निवासी चंद्रशेखर पुत्र फूल सिंह एवं थाना अरांव के ग्राम बोथरी निवासी गुरुदेव पुत्र सेवाराम को संदिग्ध व्यवस्था में दो बाइकों से जाते समय हिरासत में लिया पुलिस ने इन लोगों से पूछताछ कर अन्य बाइकों की जानकारी की पुलिस ने आरोपियों की निशादेही पर अन्य स्थानों पर छिपाई गई चोरी की 8 बाइके और बरामद करली आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हम लोग भीड़ भाड़ में खड़ी बाइक का लाक तोड़कर एवं चाबी से ताला खोलकर मोटरसाइकिल गायब कर देते हैं बाइक की नंबर प्लेट बदलकर दूसरे जनपद में ले जाकर चेचिस नंबर मिटाकर बाइकों को बेचते हैं चोरी की एकत्र की गई बाइकों को बेचने की तैयारी में थे

# विरोधी दलों के नेताओं को सत्ता की बात तो दूर है देश की जनता ने उनको विपक्ष से भी हटाने का मन बना लिया है-राकेश

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर



भोपाल/रीवा - भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सरकार प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहां है कि नीतीश कुमार कितना भी महागठबंधन बना ले केंद्र में सरकार भाजपा की बनेगी कई बरसों से देखा जा रहा है की महा गठबंधन बनाने कई बरसों से पहल की जा रही है गठबंधन बनकर नहीं दे रहा है विरोधी दलों के नेता एक मंच पर दिखाई देते हैं लेकिन उनके मन नहीं मिलते हैं गठबंधन बनते ही बिखर जाता है यह महागठबंधन नहीं देश को लूटने वाला ठग बंधन है विरोधी दलों के नेताओं ने देश के लिए कोई काम तो किया नहीं सट्टा का लालच सता रहा है देश की जनता ने देश के किसानों ने विरोधी दल के नेताओं को सत्ता की बात तो दूर है विपक्ष से भी हटाने का मन बना लिया है

# मॉ की हत्या करने वाले आरोपी बेटे को चौकी चेन्द्रा पुलिस ने किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- ग्राम पकनी निवासी हुलस बाई ने चौकी चेन्द्रा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पति राजलपाल करीब 3 माह पूर्व अपने हिस्से की कुछ भूमि को बिक्र किए थे, जेठ छत्रपाल गिरी भी अपने हिस्से की भूमि को बेचना चाहते थे परन्तु सास भगमनिया जमीन बिक्री करने हेतु मना करती थी इसी बात को लेकर जेठ सास के प्रति रंजीश रखते थे, 01 अगस्त के रात्रि में सास अन्य परिजन के साथ पड़ोस के एक व्यक्ति के घर कपड़ा लेने जा रहे थे उसी दौरान छत्रपाल गुस्सा में हाथ में लोहे का राड़ लेकर पीछा करते हुए आया और भगमनिया को गाली-गलौज कर जमीन नहीं बेचने दे रही है, आज जान से मारकर खत्म कर दूंगा कहते हुए राड़ से सिर में प्रहार कर दिया।

मामले की सूचना पर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने का मामला पंजीबद्ध किया गया। घटना के बाद भगमनिया को उपचार के लिए भैयाथान-सूरजपुर-अम्बिकापुर अस्पताल ले गए जहां से डीकेएस अस्पताल रायपुर रेफर करने पर वहां भर्ती कर उपचार कराने के दौरान 17 अगस्त को उसकी मृत्यु हो गई। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 302 भादसं. जोड़गी गई। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने प्रकरण के आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। मामले की विवेचना करते हुए पुलिस ने दबिश देकर आरोपी छत्रपाल गिरी उर्फ बाऊ पिता स्व. सामरत उम्र 41 वर्ष ग्राम पकनी, चौकी चेन्द्रा को पकड़ा। पूछताछ पर उसने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त राड़ जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी चेन्द्रा संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक रविनंद सिंह, आरक्षक कमलेश मानिकपुरी, अशोक कनौजिया व जगत सक्रिय रहे।

# वन परिक्षेत्र बिहारपुर में एक बार फिर 2 दंतैल हाथी पहुंच गया है, हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात, 2 घरों को किया ध्वस्त



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- 6 किसानों का घान मक्का का फसल खाकर की चौपट हाथियों के झुंड का कहर आज भी जारी रहा साथ ही गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क परिक्षेत्र महुली मोहरसोप अधिकारी कर्मचारी ने हाथियों के झुंड को भगाने में कोई ठोस पहल नही कर रही है. जिस कारण ग्रामीण पार्क परिक्षेत्र के प्रति खासे नाराज है. हाथियों के झुंड ने चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के कछिया में देर रात हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया है. वही हाथियों के झुंड ने 2 घरों को ध्वस्त कर दिया और घर मे रखा अनाज खा गये. हाथियों का आतंक जारी, दो घरों को किया ध्वस्त आधा



दर्जन किसानों का फसल किया चौपट कछिया गांव में जंगली हाथियों ने सोमवार की देर रात जमकर उत्पात मचाया. हाथियों ने दो गरीब किसानों के घरों को ध्वस्त कर दिया.

घटना रात के 11-12 बजे के बीच की है. जानकारी के अनुसार हाथियों ने अनरूद पिता धन सिंह, वही फूलकुंवर पिता अनरूद का घरों को ध्वस्त कर दिया. घटना के समय लोग अपने घरों में सो रहे थे. जब हाथियों ने हमला किया



तो उनकी आंखें खुली. आनन-फानन में ग्रामीण घर से दूर भाग कर गांव वालों को हाथी के हमले की सूचना दी. घर के मलबे में दबकर रखे गये सामान क्षतिग्रस्त हो गया. पीड़ितों के पास रहने की परेशानी है. ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है. ग्रामीणों ने बताया कि बड़ी मुश्किल से कई घंटों के प्रयास के बाद हाथियों को गांव से खदेड़ा गया. ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही सुखलाल पिता झुरई, बलजीत पिता उदरसाय, हरिनाथ पिता उदारसाय ,देवधारी पिता हरीनाथ का मक्का फसल धान नुकसानी है रात में जंगली हाथियों से ग्रामीणों को बना रहता है डर इन गाव महुली मोहरसोप कोल्हुआ खोहीर खैरा करौटी रामगढ़ उमझर कछवारी जूडवनीया रसोंकी बसनरा सहित दो दर्जन गांव में विद्युत लाइट न होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है वही क्रीडा विभाग द्वारा लगाए गए सोलर पावर प्लांट से 2 से 4 घंटे ही लाइट जल रहा है इसके बाद जहां पूरे रात अंधेरा रहता है इसलिए जंगली हाथी शाम होते ही बिहारपूरक्षेत्र के गांव में आकर जमकर उत्पाद मचाते हैं और ग्रामीणों का जान खतरे में है इसके बारे में तब बिहरपुर रेंजर मेवालाल पटेल से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि पहले से एक हाथी नवडीहा मोहरसोप गांव में विचरण कर रहा है वहीं बीते रात्रि एक और जंगली हाथी बहरा देव नामक हाथी आकर कछिया में दो गरीब किसान का घर को तोड़कर घर आनज को खा लिया आज शाम को मोहरशोप नवडीहा बसनरा के गांव में आज शाम जा सकता है ग्रामीणों को लगातार टीम द्वारा सटक सत्ररक किया जा रहा है कि रात में घर से बाहर न निकले दिन में जंगल ना जाए इन दोनों जंगली हाथी विचरण कर रहे हैं

# सैलाब के पानी में डूब कर छात्र की मौत से मातम इनामी अपराधी तड़के ही थाने में हाजिर

क्यूँ न लिखूँ सच -हारून बख्श


फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद सैलाब के पानी में डूब जाने से छात्र राजन की मौत हो गई राजन थाना मऊदरवाजा के ग्राम महमदपुर करसान निवासी स्वर्गीय सुनील सिंह का 10 वर्षीय पुत्र था राजन कक्षा 5 में पढ़ता था राजन आज दोपहर को गांव के बाहर भैंस चरा रहा था वहां पुल का निर्माण होने के कारण गड्ढे में सैलाब का पानी भरा था भैंस को हांकते समय राजन गड्ढे में गिर जाने से डूब गया जानकारी मिलने पर परिजनों ने राजन को बाहर निकला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी राजन के शव का पोस्टमार्टम करने के लिए बाबा फूल सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया है इनामी अपराधी थाने में हाजिर -इनामी अपराधी मनु चतुर्वेदी एवं अंशुल मिश्रा उर्फ छतरी आज सुबह थाना कादरी के पहुंच गए आईटीआई चौकी इंचार्ज के साथ गुंडई करने वाले 15.15 हजार के इनामी आरोपी सुबह तड़के फेसबुक पर लाइव होकर थाने में घुसे आईटीआई चौकी इंचार्ज सुरजीत सिंह ने बीते दिनों नेकपुर चौरासी निवासी विमल के पुत्र मनु चतुर्वेदी एवं ग्राम विजाधरपुर निवासी रुपेश मिश्रा के पुत्र अंशुल व उनके साथी अमित ठाकुर व सचिन ठाकुर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला ने बताया की दोनों आरोपियों का दाखिला कर दिया गया है विवेचक के वीआईपी ड्यूटी में जाने के कारण आरोपियों का आज चालान नहीं हो सका उनका कल चालान किया जाएगा

# बाइक की आमने सामने से भिड़ंत होने पर दोनो ही गम्भीर रूप से घायल हो गए

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद -कायमगंज - बाइक की आमने सामने से भिड़ंत होने पर दोनो ही गम्भीर रूप से घायल हो गए कायमगंज नगर ग्राम रायपुर के पास दो बाइक आपस में आमने सामने से टक्कर हो गई जिससे दोनो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए रजत पुत्र खुशीराम उम्र 28 वर्ष निवासी पट्टियां से कायमगंज आ रहा था वहीं दूसरी ओर कायमगंज से रोहिताज पुत्र अमरसिंह उम्र 28 वर्ष निवासी झकराई अलीगंज एटा अपने ससुर को छोड़ने कंपिल जा रहा था अचानक रास्ते में रायपुर के पास आपस में बाइको की टक्कर हो गई जिसमे दोनो लोगो को काफी चोटे आई। वहीं राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया जहां मरीजों को कही घंटो इंतजार करना पड़ा कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था मरीज की देखभाल भाई ने खुद ही की कायमगंज अधीक्षक ने भी फोन नही उठाया सी एम ओ ऑफिस में भी फोन नही उठाया गया काफी देर बाद डॉक्टर द्वारा शराब के नशे में किया गया उपचार जिसका उपचार करके फर्रुखाबाद राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया

# पूछो मत...इतना बुरा करेंगे: प्रधानाध्यापिका को ग्राम प्रधान ने दी गाली, कहा- बेवकूफ बनाती हो



अमलोर गांव के कंपोजिट स्कूल की प्रधानाध्यापिका किरण शुक्ला ने मिड डे मील सामाग्री के तीन माह के भुगतान के लिए 63 हजार रुपये का चेक बनाकर ग्राम प्रधान को सौंप दिया। चेक की धनराशि देख ग्राम प्रधान प्रवीण प्रिया सिंह भड़क गईं। इतना बुरा करेंगे... पूरा स्कूल खाने को बैठी रहती हो। मिड डे मील का चेक देख महिला ग्राम प्रधान इतनी आग बबूला हो गईं कि उन्होंने फोन पर महिला प्रधानाध्यापिका को अपशब्द कहने शुरू कर दिए। गाली गलौज भी कर दिया। मामला बांदा जिले के तिंदवारी थाना क्षेत्र का है। इसका वीडियो वायरल हुआ, तो उच्चाधिकारियों ने इस मामले को संज्ञान में लिया। हालांकि अभी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। तिंदवारी क्षेत्र के अमलोर गांव स्थित कंपोजिट स्कूल में करीब ढाई सौ बच्चे पंजीकृत हैं। मिड डे मील में एक से पांचवीं तक के छात्र शामिल हैं। प्रति छात्र करीब साढ़े पांच रुपये और छह से आठवीं तक के छात्रों को आठ रुपये प्रति छात्र के हिसाब से खाद्यान सामग्री के लिए धनराशि खाते में आती है। खाते का संचालन संयुक्त रूप से ग्राम प्रधान और प्रधानाध्यापक करते हैं। इसके भुगतान को लेकर विवाद सामने आया है।

## 63 हजार रुपये का चेक बनाकर सौंपा

अमलोर गांव के कंपोजिट स्कूल की प्रधानाध्यापिका किरण शुक्ला ने मिड डे मील सामाग्री के तीन माह के भुगतान के लिए 63 हजार रुपये का चेक बनाकर ग्राम प्रधान को सौंप दिया। चेक की धनराशि देख ग्राम प्रधान प्रवीण प्रिया सिंह भड़क गईं।

## लताड़ लगाते हुए कर दी गाली गलौज

उन्होंने फोन से प्रधानाध्यापिका को जमकर लताड़ लगाते हुए जमकर गाली गलौज तक कर डाली। प्रधानाध्यापिका ने अधिकारियों से इसकी शिकायत की। अधिकारियों ने कहा है कि मामला मिड डे मील को लेकर हुआ है। प्रधान द्वारा इस तरह गाली गलौज करना निंदनीय है।

## जिम्मेदारों ने कही ये बात

ग्राम प्रधान प्रवीण प्रिया सिंह का कहना है इतनी कम धनराशि देख कर किसी को भी गुस्सा आ सकता है, वह बीमार रहती हैं इसलिए गुस्सा जल्दी आ जाता है। प्रधानाध्यापिका किरण शुक्ला का कहना है कि उन्होंने छात्रों की उपस्थिति के हिसाब से नियमानुसार धनराशि का चेक बनाया था, जिसको देख प्रधान भड़क गई थीं और अपशब्द कहे। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि मामला मिड डे मील को लेकर हुआ है, जानकारी मिली है। प्रधान द्वारा इस तरह गाली गलौज करना निंदनीय है। लिखित शिकायत आने पर कार्रवाई होगी।

# मारपीट कर रहे शिक्षकों को बीएसए ने थमाया नोटिस, दोनों का लड़ते हुए वीडियो आया था सामने

दो शिक्षकों के मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में दोनों शिक्षक शराब के नशे में धुत होकर एक दूसरे के साथ गाली गलौज पर मारपीट करते हुए दिख रहे थे। बताते हैं कि दोनों शिक्षक विद्यालय के अवकाश के बाद कस्बे के एक होटल में पहुंचे थे। वहां दोनों खाना खाया और शराब पी। हाथरस में दो शिक्षकों का मारपीट करते हुए वीडियो वायरल होने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है। वीडियो का संज्ञान लेते हुए बीएसए ने दोनों शिक्षकों के खिलाफ नोटिस जारी किया है। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने दोनों शिक्षकों से तीन दिन के भीतर पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं। दो शिक्षकों के मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में दोनों शिक्षक शराब के नशे में धुत होकर एक दूसरे के साथ गाली गलौज पर मारपीट करते हुए दिख रहे थे। बताते हैं कि दोनों शिक्षक विद्यालय के अवकाश के बाद कस्बे के एक होटल में पहुंचे थे। वहां दोनों खाना खाया और शराब पी। इसके बाद वह नशे की हालत में एक दुकान पर चले गए। वहां दोनों में मारपीट



हो गई। किसी ने घटना का वीडियो रिकार्ड कर लिया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दोनों शिक्षकों की पहचान हसायन क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कलूपुरा में तैनात सतेंद्र कुमार व मनीत तोमर के रूप में हुई। वीडियो वायरल होते ही शिक्षा विभाग में खलबली मच गई। बेसिक शिक्षा विभाग भी हरकत में आ गया। बीएसए ने दोनों शिक्षकों के खिलाफ नोटिस जारी किया है। शिक्षकों को जारी किए गए नोटिस में बीएसए ने कहा है कि वायरल वीडियो में दोनों शिक्षक आपस में मारपीट कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। वीडियो को देखकर प्रतीत होता है कि दोनों ही नशे की हालत में थे। इस एक शिक्षक की गरिमा के खिलाफ है। बीएसए ने दोनों शिक्षकों को तीन दिन के अंदर नोटिस का जबाव देने के निद्रेश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि स्पष्टीकरण न देने की स्थिति विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारंभ



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार गुप्ता

रिठौरा। हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के मौके पर पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परिसर के खेल मैदान में दो दिवसीय %स्पोर्ट्स डे %का आयोजन किया गया। खेलों का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन पारुष अरोरा ने स्पोर्ट्स कैप्टन को मशाल सौंपकर किया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या ममता सक्सेना, कोऑर्डिनेटर शिवानी सूरी व समस्त स्टाफ की मौजूदगी में विभिन्न प्रतियोगिताओं में किंडरगार्टन में बॉल एंड कोन रन, खो-खो, शॉर्ट रन, शटल रन, स्टिक एंड बॉल रन, बॉल एंड बास्केट रन, जूनियर वर्ग में बलून रेस, बॉटल हर्डल रेस, हूपला जंप रेस, बॉल पिकिंग रेस, और सीनियर वर्ग में खो- खो वॉलीबॉल, क्रिकेट आदि प्रतियोगिताएँ संपन्न हुईं। इन सभी प्रतियोगिताओं का परिणाम , बुधवार 30 अगस्त को खेल समापन समारोह में घोषित किया जाएगा।


# होटल के कमरे से मृत मिले दंपती, पुलिस पहुंची तो इस अवस्था में थे शव, जांच में जुटी पुलिस

वाराणसी में कोयंबटूर के एक दंपत्ति की मौत की खबर ने हलचल मचा दी है।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच कर रही है। वाराणसी के एक होटल में एक दंपति की मौत की सूचना है। दंपती तमिलनाडु के बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया सुसाइड का मामला है। दंपती की उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष के बीच है। टीम के साथ पहुंची पुलिसने जांच जारी कर दी है। शिवाला क्षेत्र के होटल हेरिटेज इन के रूम नंबर 26 में कोयंबटूर के रहने वाले रेवंथा मोहनराज और उनकी पत्नी बीते 18 अगस्त से रुके थे। उन्हें एक सितंबर को चेक आउट करना था। परसों शाम को उन्होंने लस्सी का ऑर्डर किया था। उसके बाद से इन लोगों ने न कोई ऑर्डर किया और न ही कमरे से बाहर आए। होटल प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस को कमरे के अंदर दोनों लोगों के शव मिले।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# If it is the first Rakhi after marriage, then prepare in this way, brothers will like it

This time Raksha Bandhan will be celebrated on 30 or 31 August. This festival celebrated once a year is very special for both brother and sister. Often the sister starts preparing for it well in advance. To make this festival special, sisters bring their brothers' favorite rakhi and sweets. At the same time, by making different types of dishes, they make the festival of Rakhi special. This festival is a sign of unbreakable love between brothers and sisters. On this day brother promises to protect his sister and sister



ties a thread on her brother's wrist and prays for his long life. If this is your first Rakshabandhan after marriage, then you can make it even more special. Let us know how this festival can be made more special. Can go somewhere The first Rakshabandhan after marriage is very special. Rakhi begins with new relationships. Your husband also participates in this festival. You can make his favorite dish for your brother. And you can take it home with you. Apart from this, if you want, you can plan a movie with your brother and family on the day of Raksha Bandhan. By doing this you will be able to spend more and more time with your brother. You can give a gift You can also give a gift to your brother on the first Rakhi after marriage. For example, if your brother is fond of cooking, then you can gift a recipe book. Doing so can make it a memorable moment. If you want, you can also feed food to the poor on the special day of Raksha Bandhan. This can not only bless you but also strengthen your relationship. Can go to the temple Ayodhya is primarily a city of temples. On the special occasion of Raksha Bandhan, you can take Saryu bath in this holy city. After bath, brothers and sisters can take the blessings of God by tying rakhi to each other. This festival of yours can be very special amid wonderful views. If you wish, you can also attend Saryu Aarti in the evening. If you want, you can also visit the temple near your house. keep these things in mind Whenever you tie rakhi to your brother, tie 3 knots in it. The first of these knots is for the long life of the brother. While the second knot is for happiness and prosperity and the third is for strengthening the relationship. During this, brother's face should be towards east and sister's face should be towards west. It is believed that black clothes should not be worn on this day as it attracts negative energy.

# Applying henna in hair has increased dryness, so leave it and dye hair with these natural things

Natural Hair Dye Earlier, where hair used to turn white in old age, now this problem is being seen even in young age. Most people use henna to dye hair, but sometimes it increases the dryness of the hair, due to which the hair starts breaking excessively, so let's know about some other natural hair dye. looks white Use this natural hair dye to keep the hair black. Earlier graying of hair was considered a sign of old age, but now this problem has started troubling men and women at an early age. Behind which are wrong eating and living habits. The graying of hair also indicates many health problems developing inside the body. Even in the presence of vitamin B12 deficiency, vitiligo, thyroid disorder, etc., the hair starts turning from black to white rapidly. Those who reduce the beauty as well as the confidence. To make it black, people dye their hair and some people apply henna. But many times the dryness of the hair increases due to henna, due to which they start breaking fast, so if you are looking for something natural to darken the hair and which also reduces



hair fall, then here Try the given option, which is very effective. 1. Amla will make hair black Amla is included in the category of fruits, which are beneficial from health to hair and skin. It is rich in antioxidant and anti-aging properties. You will easily find gooseberry powder in the market. Know how to use it. To make this natural dye, take out the juice of amla. Add lemon juice to it. Apply it on the scalp and hair length and leave it for about 30 minutes. Then wash the hair with normal water. 2. Curry leaves are very beneficial Curry leaves are also very effective in removing the problem of white hair. It contains an element called melanin, which helps in darkening the hair. Due to the lack of this melanin, the hair starts turning white. use like thisTake curry leaves and add coconut or jojoba oil to it, whichever is available. Keep the mixture warm. It has to be heated until the color of the oil changes, it becomes slightly black. Let it cool for a while and then gently apply the oil on the scalp. Keep it overnight for best results

# Where to go in old age? Elderly people find new world of happiness, know what is retirement home

Life needs security in the evening. Needs the company of people of his age and above all seeks peace. Such townships have started taking shape in the cities, where all these needs of the elderly are fulfilled. Three stages are very important in life. The first is childhood, when we are born and remain busy at home till we become adults. After that comes a long phase of life,



when we settle our family while fulfilling responsibilities. Then there is the transition period of life, when we want to free ourselves from all family responsibilities and live for ourselves. This is the time when we look back and evaluate the journey of our life. While fulfilling the responsibility of the family, I want to fulfill the desires which were kept hidden in some chest of my mind. The age of more than sixty is the right time of life, when one can live with life-partner with peace of mind. In such a situation, no one wants that the work that he did throughout his life should be included in his daily routine even in this era. Along with financial freedom, he also wants mental freedom, but without any responsibility. He doesn't want his bathroom tap to get damaged so find a plumber or find the number of an electrician to get an electric plug fixed. He should not be dependent on anyone and should do whatever he wants to do. This desire cannot be called wrong in any way. This is the reason why in this era of modernity, the attitude of elders towards life is changing. Now they are not so worried about their retirement life. They know that this is a stage where they have no dearth of experiences. He has made preparations for the evening of his life in his youth. From faltering steps in childhood to reaching the heights of glory in youth, he has made himself so strong that there is no fear of old age. growing nuclear families The number of nuclear families is continuously increasing in the country. In such a situation, the demand for retirement housing or retirement villas is increasing in the country on the lines of foreign countries. The population of our country is currently about 1.4 billion, out of which 10.1 percent of the population is of the elderly, that is, the population of people above 60 years of age. According to NSO data, in the year 2021, the population of elderly in the country was 13 crore 80 lakh, which will increase by 41 percent to 19 crore 40 lakh in the next decade. arrating his experience, a senior citizen living in one such township in Lavasa, Maharashtra, said that he had spent most of his life in Chennai. Then moved to Mumbai due to his son's new job posting. But the rent in Mumbai is very high and the busyness there was not even livable for a person of his age. Children often used to travel abroad in connection with work. Eventually he decided to sell his Chennai property and buy a retirement villa in Lavasa. In 2013, Ashiana moved into a 1,550-square-foot apartment in Utsav, surrounded by the lush green hills of the Western Ghats. Everything they need is here. Even if the wife is not in the mood to cook, she goes to the cafeteria. Children also come on weekends, so it does not feel like staying away from them. Form of business Vedanta Brindavanam is a blissful retirement community at Keenathukhadavu, Coimbatore, which is running successfully from last many years. Nestled in the valleys of the Western Ghats, this retirement villa provides all kinds of facilities to the elderly. On the lines of this, real estate businessmen in other parts of the country have now started paying attention to such townships. In the early times it was limited to Rishikesh, Banaras and some religious cities but was not so convenient. Now this idea is getting expanded continuously. A few years ago, Ankur Gupta of Ashiana Housing, who runs similar projects, had asked where to live after retirement? There has been a lot of change in this idea. Now senior citizens are more independent and relaxed than before. Their mindset is changing and they want to have a better time in this phase of life. Residential facilities are being provided in these townships. His children are also happy because of this. These townships have everything from club house, dining, activity hall, reading room, yoga home, bill payment services, medical aid, movie theater and swimming pool. Special arrangements have also been made for the retired people living in these townships and colonies to keep themselves busy. Gardening clubs have been formed where they keep themselves busy according to their interest. By adopting some nearby villages, they also do public service there. Retired doctors treat people and those who were associated with education now give coaching there. Along with this, he teaches the villagers something or the other about cleanliness through his own experience. The meaning is that there is convenience and freedom to do everything according to one's interest in these places. There is no bond and no one to speak. There are also some questions Questions arise on every new change. Questions are also being asked about these townships whether the traditional Indian joint family system will be harmed by the formation of such residential areas? The people living here also answer this that everything here is like home, which happens in a joint family. No one is alone here. Chat with friends of the same age. comfortable life andFreedom of speech. It is a kind of joint family system. The best thing about it is that family members can come and stay together whenever they want. The son of one such elderly couple living in a retirement villa explained the concept better. He said that it should not be considered as a post-retirement old age home at all. I have not left my parents here, they themselves have liked this life. When they are happy, I am also very happy for them. The whole family has a lot of fun when we visit him. All the people living here feel like family members to us. I am satisfied that every facility and security is there for them.

